दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-123 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 21 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## विविध-समाचार

### आकाशीय बिजली का कहरः पेड़ के नीचे खड़े चाचा-भतीजे की मौके पर ही दर्दनाक मौत



राजगढ़, (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले से दर्दनाक खबर सामने आई है। जिले के पचोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुलखेड़ी में आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।बारिश से बचने के लिए पेड़ का लिया था सहाराप्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में अचानक शुरू हुई तेज बारिश से बचने के लिए दोनों युवक एक पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम और खराब हुआ और कड़कड़ाती हुई आकाशीय बिजली सीधे उसी पेड़ पर आ गिरी।बिजली की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान विष्णु प्रसाद भिलाला (उम्र 45 वर्ष) चाचा और रामदयाल भिलाला (उम्र 25 वर्ष) भतीजे के रूप में हुई है।

### जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी गिरफ्तार

कोलकाता, (आरएनएस)। पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता कहे जाने वाले जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी (37) को आज सुबह गिरफ्तार किया है। सरीना पर फलता पुलिस थाने पर भीड़ जुटाकर पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमले और जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद, अब उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, आर्म्स एक्ट 1959 और एक्सप्लोसिव्स एक्ट 1884 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 16 जून को सरीना बीबी ने समर्थकों को जुटाकर थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन कराया था। भीड़ ने सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी भी की। मामले में अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जहांगीर खान को पुलिस ने 8 जून को भारत से भागने के दौरान नेपाल बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का फिर प्रदर्शन, थाली-चम्मच बजाकर मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

नईदिल्ली (आरएनएस)। नीट पेपर लीक को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) आज फिर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। इसमें पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके भी शामिल हुए हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने चम्मच और थाली लेकर गो प्रधान गो के नारे लगाए। प्रदर्शन से पहले दिपके ने लोगों से चम्मच और थाली साथ लाने की अपील की थी।दिपके मंच पर महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर की फोटो लेकर पहुंचे। वहीं, मंच पर नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के पोस्टर लगाए गए हैं। दिपके ने लॉकडाउन के दौरान हुई थाली-चम्मच बजाने की घटना को याद किया।

# महाराष्ट्र के परभणी में हनुमान मंदिर की छत गिरी, 6 श्रद्धालुओं की मौत, कई मलबे में दबे



मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के परभणी जिले में मंदिर की छत गिरने से बड़ा हादसा हो गया है. जिसमें 6 लोगों की मौत की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, मबले में कई लोग दब गए हैं, जिनके निकालने का प्रयास जारी है.एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा परभणी जिले के यशवाड़ी गांव में शनिवार दोपहर को एक हनुमान मंदिर में हुआ. अब तक मलबे से करीब 25 लोगों को बचाया गया है.यशवाड़ी गांव छत्रपति संभाजीनगर से करीब 190 किमी दूर मनवत रोड पर है. पुलिस अधिकारी ने बताया, मंदिर के सभा-मंडप (बाहरी हॉल) का छत दोपहर करीब 3.30 बजे गिर गया. पुलिस और जिला प्रशासन ने अपनी टीमें भेज दी हैं, और बचाव अभियान चल रहा है. अब तक मलबे के नीचे से करीब 25 लोगों को निकाला गया है.उन्होंने कहा कि यह ठीक से पता नहीं चल पाया है कि नीचे कितने लोग फंसे थे और क्या कोई गंभीर रूप से घायल हुआ था.एक अन्य अधिकारी ने कहा कि शनिवार होने के कारण, जो भगवान हनुमान से जुड़ा दिन है, मंदिर में भक्तों की भीड़ थी।

### इंतजार खत्म, कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए खुला रास्ता

गंगटोक,(आरएनएस)। आस्था और भक्ति की प्रतीक कैलाश मानसरोवर यात्रा का शनिवार से विधिवत शुभारंभ होने जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं का पहला दल सिक्किम के ऐतिहासिक नाथू ला दर्रे से अपनी अलौकिक यात्रा का आरंभ करेगा। वैश्विक स्तर पर विख्यात इस पावन तीर्थयात्रा की पुनः शुरुआत से शिव भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। तिब्बत स्थित पवित्र माउंट कैलाश और मानसरोवर झील के दर्शन के लिए जाने वाले इस मार्ग पर सुरक्षा और सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।इस वर्ष कुल 500 श्रद्धालुओं को नाथू ला मार्ग से यात्रा करने की अनुमति दी गई है, जिन्हें 50-50 के 10 अलग-अलग जत्थों में बांटा गया है।

### केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक और पेट दर्द सहित 16 दवाओं पर लगाया बैन



नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने मरीजों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। सरकार ने 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (FDC) दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। बैन की गई इन दवाओं की सूची में रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले कई एंटीबायोटिक, पेट दर्द, डायबिटीज की दवाएं और कुछ त्वचा संबंधी उत्पाद भी शामिल हैं। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26 A के तहत सरकार द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई के बाद दवा बाजार में हड़कंप मच गया है। सरकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों की मानें तो इन दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का फैसला अचानक नहीं लिया गया है। इसके पीछे ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (DTAB) और उसकी उप-समिति की एक लंबी और गहन समीक्षा शामिल है।

## माल्दा बॉर्डर पर अवैध घुसपैठियों की वापसी पर बीएसएफ-बीजीबी में तनातनी

### -बॉर्डर पर लाल झंडे लहराए, हाई अलर्ट घोषित



माल्दा/कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के माल्दा जिले से सटी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अचानक तनाव का माहौल पैदा हो गया है। घुसपैठ की कोशिशों को लेकर बीएसएफ हरकत में आई। सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए घुसपैठियों को शुक्रवार रात सीमा के जरिए बांग्लादेश भेजा गया था। लेकिन वहां की बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने उन्हें अपने क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के समूह को रोके जाने और उन्हें वापस भेजने के प्रयास के दौरान बीएसएफ और बीजीबी के जवान आमने-सामने आ गए। घटना वैष्णवनगर के सुखदेवपुर स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा पर आज तड़के उस समय तनाव फैल गया, जब कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने (पुशबैक) की प्रक्रिया के दौरान हालात बिगड़ गए। ताजा घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई हैं। उपरोक्त हालात के बाद सीमा पार बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और दोबारा भारत में घुसने की कोशिश करने लगे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर हमला करने की कोशिश भी की।

# नीट की दोबारा परीक्षा आज

### 22 लाख छात्र देंगे परीक्षा, वायुसेना ने पहुंचाए प्रश्न पत्र

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की दोबारा परीक्षा आज 21 जून को आयोजित की जाएगी। पहली बार में पेपर लीक होने के बाद अब सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने उम्मीदवारों और आम जनता के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है, जहां वे परीक्षा से संबंधित संदिग्ध गतिविधियों, फर्जी पेपर लीक के दावों और अन्य घटनाक्रमों को रिपोर्ट कर सकते हैं। आइए दोबारा परीक्षा की तैयारियों के बारे में



### सीसीटीवी कैमरे तैनात

जानते हैं। एनटीए ने परीक्षा से पहले आज देशभर में मॉक ड्रिल की। परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई। एनटीए ने कहा कि 674 सिटी कोऑर्डिनेटर शहर के स्तर पर देखरेख के लिए तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 6,669 पर्यवेक्षक परीक्षा केंद्रों पर स्वतंत्र रूप से निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं।

हर परीक्षा केंद्र पर सेंटर सुपरिटेंडेंट और इनविजिलेटर नियुक्त किए गए हैं।आज होने वाली परीक्षा में 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5,000 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एनटीए के मुताबिक, परीक्षा के लिए 2 लाख से अधिक कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पहली बार प्रश्न-पत्रों को पहुंचाने के लिए भारतीय वायु सेना की मदद ली गई है।

## 'ऐसे सिस्टम को परीक्षा आयोजित करने का अधिकार नहीं', नीट एडमिट कार्ड विवाद पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया



नई दिल्ली (आरएनएस)। नागपुर से नीट यूजी री-एग्जाम को लेकर एक गंभीर प्रशासनिक चूक का मामला सामने आया है, जिसने परीक्षा व्यवस्था और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 21 जून को देशभर में एक शिफ्ट में आयोजित होने वाली नीट यूजी री-एग्जाम के लिए जारी एडमिट कार्ड में नागपुर के एक छात्र का परीक्षा केंद्र अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) दर्शाए जाने की बात सामने आई है। छात्र का नाम अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब बताया जा रहा है। छात्र ने जब अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया तो उसमें भारत के बजाय विदेश स्थित परीक्षा केंद्र का उल्लेख देखकर वह और उसका परिवार हैरान रह गया। परिजनों के अनुसार, उनके पास न तो पासपोर्ट है और न ही विदेश जाकर परीक्षा देने की कोई व्यवस्था या संसाधन हैं। इस कारण परिवार में चिंता और तनाव का माहौल बन गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस घटना का जिक्र करते हुए परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक छात्र, जो पिछले एक महीने से परीक्षा की तैयारी कर रहा था, उसे अंतिम समय में पता चला कि उसका परीक्षा केंद्र विदेश में है। इससे वह गहरे मानसिक दबाव में आ गया।

### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद किया, लेबनान पर इजराइली हमलों में 16 लोगों की मौत के बाद लिया फैसला

तेहरान (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून की रात हुए शांति समझौते के बावजूद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बजाय और बढ़ता नजर आ रहा है। समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने तथा लेबनान में सैन्य कार्रवाइयों को रोकने जैसी महत्वपूर्ण शर्तें शामिल थीं, लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र में हिंसा जारी रही।अमेरिकी पहल पर 19 जून की रात इजराइल और लेबनान के बीच युद्धविराम (सीजफायर) की घोषणा की गई थी। हालांकि यह संघर्ष विराम अधिक समय तक नहीं टिक सका और घोषणा के महज आठ घंटे बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से सैन्य टकराव शुरू हो गया।मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातियेह क्षेत्र में ड्रोन और तोपखाने से हमला किया, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। हमले के बाद क्षेत्र में तनाव और अधिक बढ़ गया है।

## इटारसी में तेलंगाना और एपी एक्सप्रेस के ठहराव की माँग तेज, नागरिक मंच ने सौंपा ज्ञापन

### 30 लाख जनता पचमढ़ी पर्यटन और आईटी युवाओं के हित में 2 मिनट स्टॉप की माँग

नर्मदापुरम। इटारसी (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग के सबसे बड़े रेल जंक्शन इटारसी की वर्षों पुरानी माँग को लेकर नागरिकों ने अब आर.पार की लड़ाई शुरू कर दी है। नर्मदापुरम संभाग नागरिक मंच ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपकर 12723-24 तेलंगाना एक्सप्रेस एवं 20805-06 आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस का इटारसी जंक्शन पर अप.डाउन दोनों दिशाओं में 2-2 मिनट का ठहराव देने की माँग की है। ज्ञापन नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया के माध्यम से रेल मंत्रालय को भेजा गया है।

#### ज्ञापन में दिए गए 8 प्रमुख सुझाव'

'5 जिलों को सीधी राहत'

इटारसी मध्य भारत का सबसे बड़ा जंक्शन होने के बावजूद नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, खंडवा के यात्रियों को दक्षिण भारत जाने के लिए 200 किमी दूर भोपाल या नागपुर जाना पड़ता है।

#### 'रक्षा व सरकारी कर्मी प्रभावित'

पचमढ़ी सैन्य छावनी आयुध निर्माणी नर्मदापुरम के हजारों कर्मचारी एवं परिवार



हैदराबाद.विशाखापट्टनम रूट पर निर्भर हैं।

#### 'पचमढ़ी पर्यटन को बढ़ावा'

मप्र के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के लिए दिल्ली. हैदराबाद से आने वाले पर्यटकों को इटारसी से मात्र 52 किमी पड़ता है। स्टॉप न होने से 4 घंटे बर्बाद होते हैं।

#### 'माँ नर्मदा स्नान'

दक्षिण भारत से लाखों श्रद्धालु सेठानी घाट नर्मदापुरम आते हैं। इटारसी से घाट केवल 18 किमी है।

#### 'आईटी युवाओं को सुविधा'

संभाग के हजारों युवा हैदराबाद. बेंगलुरु के आईटी हब में कार्यरत हैं। स्टॉप मिलने से वीकेंड पर घर आना आसान होगा।

#### 'टाइमिंग अनुकूल'

दोनों ट्रेन रात 11.30 से सुबह 4.30 के बीच इटारसी से गुजरती हैं जो यात्रियों के लिए उपयुक्त है।

#### 'परिचालन में बाधा नहीं'

भोपाल.नागपुर के बीच 300 किमी में कोई स्टॉप नहीं है। ट्रेनें सिग्नल के लिए इटारसी आउटर पर 5.10 मिनट वैसे भी रुकती हैं।

#### 'रेलवे को फायदा'

पर्यटनए धार्मिक और आईटी ट्रैफिक से रेलवे को सैकड़ों अतिरिक्त बुकिंग और राजस्व मिलेगा।नागरिक मंच का कहना है तेलंगाना और एपी एक्सप्रेस को इटारसी में 2 मिनट का स्टॉप देना जनहित, पर्यटन, रक्षा और डिजिटल इंडिया के लिए जरूरी है। इससे रेलवे को नुकसान नहीं बल्कि अतिरिक्त कमाई होगी।नागरिक मंच ने चेतावनी दी है कि यदि माँग जल्द पूरी नहीं हुई तो संभाग स्तर पर हस्ताक्षर अभियान और सोशल मीडिया आंदोलन चलाया जाएगा।उल्लेखनीय है कि इस मांग को अनेक वर्षों से वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवक बुलुसु ईश्वर कुमार के द्वारा उठाई जा रही है। जो जनहित में जल्द पूरी होनी ही चाहिए।




### ट्रंप के सामने झुकी थीं पीएम मोदी की आंखें... नाविकों की मौत पर पवन खेड़ा का बड़ा हमला

नई दिल्ली (आरएनएस)। ओमान की खाड़ी में एक तेल टैंकर पर अमेरिकी सैन्य हमले के बाद लापता हुए तीनों भारतीय नाविकों की हत्या मामले में कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना हमला तेज कर दिया. पार्टी ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से कई तीखे सवाल पूछे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने तीन भारतीय नाविकों की हत्या का मुद्दा नहीं उठाया।

पार्टी दफ्तर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने फ्रांस के एवियन में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर ट्रंप के साथ मोदी की मुलाकात का हवाला दिया. खेड़ा ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप के सामने नरेंद्र मोदी की आंखें झुकी हुई थीं. वह ट्रंप को एक्सीलेंसी (महामहिम) कहकर संबोधित कर रहे थे।

# नीट परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने की तैयारियां, 3 केंद्रों पर 1283 परीक्षार्थी होंगे शामिल

### परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी संचालन हेतु केंद्रों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण




नर्मदापुरम (निप्र) राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन 21 जून, रविवार को जिला मुख्यालय स्थित तीन परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा में जिले के कुल 1283 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम एक्सीलेंस एनएमवी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 515, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 408 तथा केंद्रीय विद्यालय में 360 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस प्रकार जिले के तीनों परीक्षा केंद्रों पर कुल 1283 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही निर्देशित किया गया है कि परीक्ष के लिए निर्धारित किए गए मापदंड के अनुरूप ही परीक्षा संपन्न कराई जाए तथा परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार शनिवार को एनटीए द्वारा परीक्षा केन्द्रों की मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई।परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# नीट यूजी-2026 परीक्षा का आयोजन आज, जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर



भोपाल,(निप्र)। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2026) का आयोजन 21 जून 2026 (रविवार) को किया जाएगा। भोपाल में 32 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 13 हजार 774 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसे लेकर प्रशासन हाई अलर्ट पर है। जिला प्रशासन, पुलिस के साथ रेलवे ने भी खास तैयारी की है।भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शनिवार को प्रदेश के सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए गए हैं। विद्यार्थियों के लिए हर सेंटर के बाहर एक बड़ी घड़ी लगाई जाएगी। किसी की तबीयत बिगड़ी तो डॉक्टर वहीं तैनात मिलेंगे। परीक्षा के सुचारु एवं पारदर्शी संचालन के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा दिवस की समय-सारिणी, प्रवेश प्रक्रिया तथा निर्धारित नियमों का

## परीक्षा केंद्र में प्रवेश का अंतिम समय दोपहर 1:30 बजे, मोबाइल फोन सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित

गंभीरता से पालन करें। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 1:30 बजे तक जारी रहेगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश का अंतिम समय भी दोपहर 1:30 बजे निर्धारित किया गया है। सामान्य अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोपहर दो बजे से सायं 5:15 बजे तक आयोजित होगी, जबकि पात्र दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को स्वीकृत 65 मिनट के प्रतिपूरक समय सहित परीक्षा सायं 6:20 बजे तक संचालित की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र की मूल प्रिंट प्रति, एक वैध फोटो पहचान पत्र, दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ तथा प्रवेश पत्र पर निर्धारित प्रारूप में चिपकाई गई पोस्टकार्ड आकार की फोटो अनिवार्य रूप से लानी होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर फ्रिस्किंग, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया से गुजरना होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, कैलकुलेटर, पुस्तकें, नोट्स, लिखित सामग्री, हैंडबैग, पर्स, आभूषण, कैमरा, रिकॉर्डिंग उपकरण, खाद्य सामग्री तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रतिबंधित वस्तुएं ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। उत्तर अंकन के लिए आवश्यक बॉल प्वाइंट पेन परीक्षा केंद्र पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। हल्के रंग के साधारण वस्त्र पहनने तथा मोटे कपड़ों, बड़े बटन, अधिक जेबों वाले परिधानों, आभूषणों, घड़ियों, बेल्ट एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं से परहेज करने की सलाह दी गई है।

# मध्यप्रदेश पर्यटन के 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन' को मिला प्रतिष्ठित 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2026'

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड ने पर्यटन क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए अपने 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन' के लिए प्रतिष्ठित 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2026' प्राप्त किया है। यह सम्मान राज्य में सतत, समुदाय-केंद्रित एवं पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिये किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 108वें स्कॉच समिट - 'विकसित भारत' के अंतर्गत नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह प्रदान किया गया। इस अवसर पर देश से नीति-निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से रेसिडेंट मैनेजर देवेंद्र राय ने यह सम्मान ग्रहण किया। यह उपलब्धि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में नवाचार, समावेशिता एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रति मध्यप्रदेश पर्यटन की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा संचालित 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन' स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पर्यटन के माध्यम से आजीविका संवर्धन, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण तथा पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

# प्रदेश की भावांतर भुगतान योजना को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2026



भोपाल( निप्र)। मध्यप्रदेश शासन की किसान हितैषी एवं नवाचार आधारित भावांतर भुगतान योजना-2025 को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 20 जून 2026 को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना के मार्गदर्शन में भावांतर योजना-2025 तथा ई-मंडी योजना को एकीकृत डिजिटल ढांचे के अंतर्गत सफलतापूर्वक लागू किया गया है। यह पहल किसानों को मूल्य संरक्षण, त्वरित भुगतान और पारदर्शी कृषि विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भावांतर योजना-2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी पूर्णतः ई-मंडी एप्लीकेशन के माध्यम से की गई। यह देश में पहली बार लागू की गई एक अभिनव व्यवस्था है जिसका उद्देश्य किसानों को बाजार भाव में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करना है।

# नीट परीक्षार्थियों की सहायता हेतु भोपाल सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प बूथ स्थापित

भोपाल (निप्र)। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-2026) दिनांक 21 जून 2026 को आयोजित की जा रही है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हजारों अभ्यर्थियों की सुविधा एवं उनके परीक्षा केन्द्रों तक सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। भोपाल मंडल के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों वाले प्रमुख शहरों भोपाल, विदिशा, होशंगाबाद, गुना एवं अशोकनगर में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के आगमन की संभावना को देखते हुए संबंधित रेलवे स्टेशनों पर विशेष हेल्प बूथ स्थापित किए गए हैं। इन हेल्प बूथों पर रेलवे कर्मचारियों द्वारा परीक्षार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि हेल्प बूथों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुँचने के मार्ग, स्थानीय परिवहन सुविधाओं, स्टेशन परिसर की




आवश्यक जानकारियों तथा अन्य उपयोगी सूचनाओं के संबंध में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसरों में यात्रियों एवं अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूछताछ व्यवस्था एवं उद्घोषणा प्रणाली को भी सुदृढ़ किया गया है। परीक्षा दिवस पर रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है ताकि स्टेशन परिसरों एवं प्लेटफार्मों पर यात्रियों की आवाजाही सुचारु बनी रहे।

आवश्यकता अनुसार कतार प्रबंधन, मार्गदर्शन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की गई हैं। भोपाल मंडल के क्षेत्राधिकार में स्थित परीक्षा केन्द्रों वाले शहरों में भोपाल में 13,774, गुना में 1,839, विदिशा में 1,709, होशंगाबाद में 1,283 तथा अशोकनगर में 865 परीक्षार्थियों के परीक्षा में सम्मिलित होने की संभावना है। रेलवे प्रशासन द्वारा इन सभी स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखने एवं परीक्षार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। रेल प्रशासन ने परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा के लिए पर्याप्त समय लेकर स्टेशन पहुँचें तथा किसी भी प्रकार की सहायता हेतु स्टेशन पर स्थापित हेल्प बूथों एवं रेलवे कर्मचारियों से संपर्क करें।

# निजी फोटो भेजकर पूर्व-मंगेतर ने शादी तुड़वाई.. युवक ने एसिड पिया; मौत

भोपाल (ए.)। भोपाल के करोंद स्थित रतनपुर कॉलोनी में 24 वर्षीय युवक लखन किरार ने एसिड पी लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को उसकी मौत हो गई। निशातपुरा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, लखन किरार चौक बाजार स्थित एक गारमेंट्स दुकान में सेल्समैन था। 10 मई को उसकी शादी होने वाली थी। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। रिश्तेदारों को निमंत्रण पत्र बंट गया था, लेकिन शादी से कुछ दिन पहले उसका रिश्ता टूट गया।जीजा आकाश सूर्यवंशी का आरोप है कि शादी से करीब 10 दिन पहले लखन का अपनी पूर्व मंगेतर से दोबारा संपर्क हुआ। इसी दौरान उसका एक निजी फोटो लड़की पक्ष तक पहुंच गया। उस लड़की से भी शादी टूट गई। जीजा का आरोप है कि वह वह फोटो पूर्व मंगेतर ने भेजा था।

# 90 डिग्री ब्रिज के बाद इंजीनियरों का नया अजूबा, भोपाल में फुटपाथ को किया रेलिंग से कवर



भोपाल(ए.)। राजधानी के ऐशबाग में 90 डिग्री एंगल का रेलवे ओवरब्रिज बनने के बाद इसे दुनिया का आठवा अजूबा बताया था. सोशल मीडिया पर इसे बनाने वाले इंजीनियरों का काफी मजाक भी उड़ाया गया था. अब एक बार फिर भोपाल नगर निगम के इंजीनियरों ने गजब कारनामा कर दिखाया है. दरअसल इस बार पीएंडटी चौराहे पर सौंदर्यीकरण के नाम पर फुटपाथ को लोहे की रेलिंग से पूरी तरह बंद कर दिया है. जिससे पदयात्रियों को सड़क से फुटपाथ पर जाने के लिए लम्बा चलना पड़ रहा है. हालांकि जनता के विरोध के बाद नगर निगम प्रशासन ने अपनी गलती मानते हुए यू-टर्न ले लिया है।

## हर 15 फीट पर कट-पाइंट और बिजली के खंभों से हटेगी रेलिंग

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश के बाद नगर निवेशक एनके डेहरिया ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण किया. इस दौरान डेहरिया ने भी स्वीकार किया कि फुटपाथ को पूरी तरह पैक करना गलत था. अब राहगीरों और सार्वजनिक परिवहन से उतरने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए हर 15 फीट पर रेलिंग को काटकर डेढ़ से दो फीट चौड़े कट-पाइंट बनाए जाएंगे. इसके अलावा बिजली के खंभों के पास लगी रेलिंग को भी हटाने के आदेश दिए गए हैं, ताकि पैदल यात्रियों को चढ़ने-उतरने में कोई परेशानी न हो।

# तबादलों में करोड़ों के लेनदेन का आरोप, कांग्रेस ने सरकार को घेरा



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कथित तबादला उद्योग संचालित किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने के दौरान चले तबादला अभियान ने प्रशासनिक पारदर्शिता और सुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।जीतू पटवारी ने शनिवार को बयान जारी कर आरोप लगाया कि प्रदेश में तबादलों की प्रक्रिया प्रशासनिक आवश्यकता के बजाय आर्थिक लेनदेन से प्रभावित हो रही है। उनके अनुसार, विभिन्न विभागों में पदस्थापना और तबादलों के लिए कथित रूप से तय दरों पर लेनदेन किया जा रहा है तथा पूरी व्यवस्था दलालों, बिचौलियों और कुछ अधिकारियों के प्रभाव में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं और आज पुनः दोहरा रहे हैं कि प्रदेश में तबादलों को एक संगठित व्यवस्था का रूप दे दिया गया है। उनका दावा है कि अधिकारी, कर्मचारी और संविदाकर्मी तक इस व्यवस्था से प्रभावित हैं तथा विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग स्तर पर कथित आर्थिक मांगें की जा रही हैं। पटवारी ने हाल में सामने आए एक स्टिंग ऑपरेशन का हवाला देते हुए कहा कि उसमें विभिन्न विभागों से जुड़े कुछ व्यक्तियों द्वारा तबादलों के बदले धनराशि मांगे जाने के आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो तबादला प्रक्रिया से जुड़े गंभीर तथ्य उजागर हो सकते हैं।

# भोपाल में बड़ा तालाब से टीटी नगर तक गूंजा योग का संदेश, हजारों युवाओं ने लिया फिट इंडिया का संकल्प

भोपाल,(निप्र)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व शनिवार सुबह राजधानी भोपाल पूरी तरह योगमय नजर आई। बड़ा तालाब के बोट क्लब से लेकर टीटी नगर स्टेडियम तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हजारों युवाओं, खिलाड़ियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया। योग के प्रति युवाओं की बढ़ती जागरूकता और भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने हजारों प्रतिभागियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। सुबह से ही स्टेडियम में युवाओं, खिलाड़ियों और आम नागरिकों का उत्साह देखने को मिला। योग सत्र के दौरान पूरा परिसर अनुशासन, सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया।इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहने के साथ मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्राप्त होता है। उन्होंने युवाओं से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।



## बड़ा तालाब किनारे योग का अनूठा संगम

मुख्य कार्यक्रम के बाद मंत्री विश्वास सारंग बड़ा तालाब स्थित बोट क्लब में आयोजित योग सत्र में भी शामिल हुए। प्राकृतिक वातावरण और झील के मनमोहक दृश्य के बीच हजारों युवाओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर फिट एवं स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। तालाब किनारे योग करते युवाओं का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा और पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं जागरूकता का संदेश गूंजता रहा।

## योग को मिली वैश्विक पहचान

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। आज दुनिया के 190 से अधिक देशों में योग को अपनाया जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर करोड़ों लोग सामूहिक रूप से योगाभ्यास करते हैं। यह भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त व्यक्तित्व के निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह केवल रोगों से बचाव का साधन नहीं, बल्कि बेहतर जीवन जीने की कला भी सिखाता है।

कार्यक्रमों में युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी ने यह साबित किया कि नई पीढ़ी स्वास्थ्य, फिटनेस और मानसिक संतुलन के प्रति पहले से अधिक सजग हुई है। सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से युवाओं ने स्वस्थ भारत और फिट इंडिया के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने राजधानी को योगमय वातावरण में रंग दिया और स्वस्थ, जागरूक तथा सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया।

# कैंसर दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी पर उमंग सिंघार का सरकार पर हमला, आयुष्मान योजना की सीमा बढ़ाने की मांग

भोपाल, (ए.)। कैंसर उपचार में उपयोग होने वाली कुछ दवाओं की कीमतों में वृद्धि और उनकी उपलब्धता को लेकर मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती दवा कीमतों और बाजार में दवाओं की कमी से कैंसर मरीजों तथा उनके परिजनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।उमंग सिंघार ने शनिवार को मीडिया में जारी अपने बयान में कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई आवश्यक दवाओं के दाम बढ़ने से मरीजों की परेशानी बढ़ी है। उनका आरोप है कि कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे इलाज का खर्च काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि एक कीमोथेरेपी साइकिल का खर्च पहले की तुलना में दो से तीन हजार रुपये तक बढ़ गया है। वहीं जिन मरीजों को 6 से 12 कीमोथेरेपी साइकिल की जरूरत होती है, उनके इलाज पर कुल अतिरिक्त खर्च 15 से 20 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। इसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।नेता प्रतिपक्ष ने यह भी दावा किया कि कीमतों में वृद्धि के बावजूद कुछ महत्वपूर्ण प्लैटिनम-बेस्ड दवाएं, जैसे सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन, बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कथित कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की।उमंग सिंघार ने सरकार से मांग की है कि जब तक दवाओं की कीमतों में राहत नहीं मिलती और उनकी उपलब्धता सामान्य नहीं होती, तब तक आयुष्मान भारत योजना के तहत कैंसर मरीजों के उपचार की वित्तीय सीमा बढ़ाई जाए।

# भोपाल के अब्बास नगर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, बारिश के बीच मौके पर पहुंचे एसडीएम



भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से शनिवार को अब्बास नगर में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। बारिश के बावजूद प्रशासनिक अमला मौके पर डटा रहा और सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई का नेतृत्व बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) एसडीएम रवीशकुमार श्रीवास्तव ने किया। नगर निगम और पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर करीब 12 बजे अभियान शुरू हुआ। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अस्थायी और स्थायी अतिक्रमणों के साथ ही सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माणों को भी हटाया गया। एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया कि अब्बास नगर क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था और अक्सर जाम की स्थिति बनती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सार्वजनिक मार्गों को व्यवस्थित करना और आम नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

## अतिक्रमण वाले क्षेत्रों की तैयार हो रही सूची

हाल ही में बैरागढ़ अनुभाग का प्रभार संभालने वाले एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया कि अनुभाग के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे कराया जा रहा है। ऐसे स्थानों की सूची तैयार की जा रही है, जहां अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है या सार्वजनिक सुविधाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें। निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अभियान

शनिवार को नगर निगम ने शहर के अन्य प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। न्यू मार्केट, 10 नंबर मार्केट सहित कई स्थानों पर सड़क और फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए, ताकि आम लोगों की आवाजाही सुगम हो सके।

# सिंहस्थ-2028 के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का भी रखे विशेष ध्यानः प्रबंध संचालक

## – एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक ने उज्जैन में निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशनों का किया निरीक्षण

भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि सिंहस्थ-2028 से संबंधित नोटिफाइड कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए।प्रबंध संचालक तिवारी ने शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत एमपी ट्रांसको द्वारा किए जा रहे पारेषण अधोसंरचना विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 132 केवी सब स्टेशन चिंतामन तथा उज्जैन के प्रथम 132 केवी जीआईएस सब स्टेशन त्रिवेणी विहार के निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया।

सिंहस्थ -28 के दौरान विद्युत की अनुमानित अधिकतम 750 मेगावाट की मांग रहने का आकलन किया गया है। इस मांग की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एमपी ट्रांसको द्वारा उज्जैन में विभिन्न सब स्टेशनों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में दो नए एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) विद्युत सब स्टेशनों के कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक के साथ निरीक्षण में उज्जैन एवं इंदौर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने उज्जैन के निर्माणाधीन पीएम एकता मॉल का निरीक्षण किया।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मादा भालू की संदिग्ध मौत, पार्क प्रबंधन ने बताया प्राकृतिक मृत्यु

उमरिया,(ए.)। विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक बार फिर वन्यजीव की मौत का मामला सामने आया है। पनपथा बफर रेंज में एक मादा भालू का शव मिलने से वन विभाग में हलचल मच गई। पार्क प्रबंधन ने प्रथम दृष्टया इसे प्राकृतिक मृत्यु बताया है।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि 19 जून को पनपथा सब डिवीजन के पनपथा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत बीट जगुआ में नियमित गश्त के दौरान वन अमले को मादा भालू का शव मिला। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।घटना स्थल को सुरक्षित कर आसपास के क्षेत्र में सघन जांच और सर्चिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि सामने नहीं आई।

# मंदसौर: योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नूतन स्टेडियम में होगा, मुनिश्री प्रणम्यसागर का मिलेगा सानिध्य



मन्दसौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार, 21 जून को शहर के नूतन स्टेडियम में दिगंबर जैन मुनिश्री प्रणम्यसागर जी महाराज की निश्रा में विशाल योग साधना कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुनिश्री प्रणम्यसागर जी द्वारा प्रणीत अर्हं योग की साधना भी इस ऐतिहासिक आयोजन में कराई जाएगी।कार्यक्रम में मप्र शासन की ओर जारी सूची के अनुसार मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता मौजूद रहेगे। वहीं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिले अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मंदसौर शहर के सभी समाज, सभी संस्थाएं, विद्यार्थी, व्यापारी वर्ग तथा सभी योग प्रेमी सम्मिलित होकर भव्यता प्रदान करेंगे।मंदसौर नगर में योग की अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था दशपुर योग शिक्षा संस्थान के पांच केंद्रों के साधकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में वृहद स्तर पर योगाभ्यास किया गया। इस विशेष सत्र में सभी साधकों ने योग गुरु सुरेंद्र जैन के कुशल मार्गदर्शन में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हेतु निर्धारित सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) का अभ्यास किया और इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। योगाभ्यास के पश्चात् सभी साधकों ने स्टेडियम परिसर में एकत्र होकर एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इस मानव श्रृंखला के माध्यम से साधकों ने नगरवासियों को जागरूक करते हुए आह्वान किया कि वे 21 जून की प्रातः 5.30 बजे नूतन स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता करें।

## जिला अस्पताल के बाहर दंपति का हाईवोल्टेज ड्रामा, पत्नी ने चप्पलों से की पति की पिटाई

पन्ना (ए.)। जिला अस्पताल के बाहर बीती रात पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामे में बदल गया। दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई और फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान सड़क पर लात-घूंसे चले और पत्नी ने गुस्से में आकर पति की चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार दंपति किसी परिजन का इलाज कराने पन्ना जिला अस्पताल पहुंचे थे। इलाज के दौरान या उसके बाद किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पहले तो दोनों के बीच तीखी बहस हुई लेकिन कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ने सार्वजनिक स्थान पर ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने शुरू कर दिए।

## नेशनल बुक रीडिंग डे पर हुई पुस्तकों की चर्चा डाइट फेकल्टी, जन शिक्षकों और शिक्षकों ने किया विद्यार्थियों से संवाद

कटनी (ए.)। जिले के विभिन्न छात्रावासों एवं विद्यालयों में नेशनल बुक रीडिंग डे के अवसर पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकालयों में विभिन्न विधाओं की पुस्तकें पढ़ी गईं एवं उन पर चर्चा की गई। इसी श्रंखला में डाइट कटनी के वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला के सी एस कटनी एवं शासकीय माध्यमिक शाला खिरहनी में पहुंचकर पढ़ने की आदत के विकास एवं अवचेतन मन की शक्ति पर गहन चर्चा की गई। श्री असाटी ने विद्यार्थियों को बताया कि हम जिन कार्यों का अभ्यास लगातार 31 दिन कर लेते हैं, वह हमारे जीवन की आदतों में शामिल हो जाते हैं। अत: हमें अच्छी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाने के लिये उन्हें निरंतर करना होगा अन्यथा हम चाहकर भी अच्छे कार्य नहीं कर पायेंगे। इसी प्रकार शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में प्रभारी प्राचार्य मनोज हल्दकार, बलबीर सिह एवं दिनेश झारिया ने तथा प्राथमिक शिक्षक जयभान यादव और शिक्षिका पार्वती रौतेल ने प्राथमिक शाला परसेल में नाई और पूँछ कटा बाघ कहानी सुनाई।

## ग्वालियर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत हुआ भव्य आयोजन

### प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्वालियर सहित देशभर के कर्मचारियों व नियोक्ताओं के खातों में पहुँचाई 2400 करोड़ रुपए की धनराशि

ग्वालियर (ए.) । युवाओं के लिये रोजगार सृजन, उन्हें औपचारिक रोजगार से जोड़ने और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से "प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना" के तहत शुक्रवार 19 जून को देशभर में 200 स्थानों पर हुए कार्यक्रमों के साथ ग्वालियर में भी भव्य आयोजन हुआ।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुए मुख्य कार्यक्रम से इस योजना के तहत देशभर के लाभार्थियों के खातों में 2400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि अंतरित की। जिसमें कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर से जुड़े कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के खातों में पहुँची लगभग 4 करोड़ रुपए की धनराशि शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्वालियर सहित देश भर में 200 स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में मौजूद लाभार्थियों व नियोक्ताओं को संबोधित किया। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय भविष्य निधि संगठन के तत्वावधान में प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद भारत सिंह कुशवाह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, क्षेत्रीय आयुक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ग्वालियर सत्य वर्धन गौतम, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं कैट के वरिष्ठ पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन मंचासीन थे।

## राजगढ़: तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 7 साल की बच्ची की मौत, पिता घायल

राजगढ़,(ए.)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसके पिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गुस्से में कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार, ग्राम महाबल जोड़ के पास यह हादसा हुआ। प्रेमपुरा निवासी देवीसिंह पुत्र मांगीलाल तंवर अपनी बेटी मोंटी के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे।

## सिंगरौली में हाईवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

सिंगरौली, (ए.)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ गांव के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गिट्टी से भरे एक हाईवा वाहन की टक्कर से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, हादसा शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। मृतक की पहचान बंजारी गांव निवासी राजकुमार साहू के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाईवा और मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके हिस्से सड़क पर दूर तक बिखर गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।की जानकारी मिलते ही सरई थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया। अधिकारियों द्वारा परिजनों और ग्रामीणों से लगातार चर्चा कर यातायात बहाल कराने के प्रयास किए गए।

# व्यापार समाचार

## जियो फोन पर बातचीत के दौरान एआई कॉल एजेंट की मिलेगी सुविधा, हे जियो से चलेगा

मुंबई, (ए.)। रिलायंस जियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाने जा रही है। जियो के चैयरमैन आकाश अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं वार्षिक आम बैठक में बताया कि कंपनी जियो कॉल एजेंट की शुरूआत करेगा, जो जियो नेटवर्क में एकीकृत एक एआई - संचालित वॉयस असिस्टेंट है। उन्होंने बताया कि यह सेवा बिना ऐप डाउनलोड किए या अलग नंबर लिए काम करेगी और सभी भारतीय भाषाओं का समर्थन करेगी। बातचीत के दौरान यह हे जियो से सक्रिय होगा।

जियो फोन में कॉल एजेंट को फोन कॉल के दौरान केवल हे जियो कहकर सक्रिय कर सकते हैं। एआई एजेंट कॉल को ट्रांसक्राइब कर सकता है, कॉन्फ्रेंस कॉल में 10 वक्ताओं की पहचान कर सकता है, सारांश, रिमाइंडर और एक्शन आइटम तैयार कर सकता है। लाइव कॉल के दौरान यह कैब बुक करना, खाना ऑर्डर करना, रेस्टोरेंट में टेबल रिजर्व करना और मीटिंग शेड्यूल कर सकता है। इसे जियो के 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए शुरू किया जाएगा।

आकाश ने बैठक में कहा, हम जो बना रहे हैं वह भारत के लिए, भारत द्वारा निर्मित एआई है और एक दिन यह पूरी दुनिया की सेवा करेगा। आकाश ने कॉल एजेंट के अलावा, जियो ने मायजियो ऐप में भी बड़े बदलाव की घोषणा की है। मायजियो ऐप का उपयोग मोबाइल प्लान रिचार्ज करने, खाता राशि की जांच करने और सेवाओं का प्रबंधन करने के लिए किया जाता है, अब इसे व्यक्तिगत एआई सलाहकार बनाया जाएगा।मायजियो ऐप में नए एआई संचालित अनुभव के साथ, उपयोगकर्ताओं को अब मेनू और सेटिंग्स में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके बजाय, वे अपनी जरूरत को बता सकेंगे। ऐप में मौजूद एआई असिस्टेंट नए शहर में जाने वाले या विदेश यात्रा करने वाले उपयोगकर्ताओं की सेवा संबंधी ज़रूरतों को प्रबंधित करने में मदद करेगा। यह उपयुक्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक और उपयोग संबंधी अलर्ट का सुझाव दे सकता है। नए ई सिम -सक्षम स्मार्टफोन पर स्विच करने में मदद कर सकता है।

## रूस की दिग्गज कंपनी रोसनेफ्ट के साथ भारत की बातचीत; साइबेरियाई रेयर अर्थ भंडार पर नजर

नई दिल्ली (ए.)। भारत और रूस मिलकर एक ऐसा बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया के बाजार में चीन का दबदबा कम हो जाएगा. भारत सरकार की कंपनी इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड रूस की मशहूर तेल कंपनी रोसनेफ्ट के साथ मिलकर साइबेरिया के जंगलों में छिपे एक विशाल खनिज खजाने पर काम करने के लिए गुप्त बातचीत कर रही है. रूस ने भारत को अपने सबसे बड़े तोमतोर खनिज भंडार में हिस्सेदारी देने का ऑफर दिया है.

रूस के याकुतिया इलाके में स्थित तोमतोर भंडार दुनिया का सबसे बड़ा और अनोखा खनिज क्षेत्र माना जाता है. यहाँ रेयर अर्थ एलिमेंट्स यानी दुर्लभ खनिज भारी मात्रा में मौजूद हैं. ये ऐसे खनिज हैं जो आज की आधुनिक दुनिया को चलाने के लिए सबसे जरूरी हैं. लेकिन अभी तक इस जगह से खुदाई शुरू नहीं हुई है. साल 2025 में रूस सरकार ने इसकी जिम्मेदारी अपनी सबसे बड़ी कंपनियों में से एक, रोसनेफ्ट को सौंपी थी, जिसकी कुल कीमत 4 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है.

आज पूरी दुनिया में इन खास खनिजों के बाजार पर चीन का कब्जा है. मोबाइल फोन, कंप्यूटर, मिसाइल और सबसे खास तौर पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मोटर बनाने के लिए ये खनिज बहुत जरूरी हैं. चीन अक्सर दूसरे देशों को दबाने के लिए इन खनिजों के एक्सपोर्ट पर रोक लगा देता है. भारत अपनी फैक्ट्रियों को चीन के इस खतरे से बचाने के लिए रूस के साथ यह सौदा कर रहा है.

## SEBI ने ओपन मार्केट शेयर बायबैक को फिर दी मंजूरी, म्यूचुअल फंड नियमों में भी बड़ी राहत

नई दिल्ली(ए.)। शेयर बाजार के निवेशकों और कंपनियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को स्टॉक एक्सचेंज के जरिए शेयर बायबैक को फिर से शुरू करने की अहम मंजूरी दे दी है। इस बड़े फैसले के बाद अब कंपनियां आगामी 1 अगस्त से ओपन मार्केट में अपने शेयर वापस खरीद सकेंगी। इसके लिए सेबी ने 66 वर्किंग डेज (कार्य दिवस) की समय-सीमा तय की है। सेबी के इस कदम से कंपनियां बिना किसी खास बायबैक विंडो के ही रेगुलर ट्रेडिंग सिस्टम के जरिए बायबैक कर पाएंगी, जिससे न केवल पूरी प्रक्रिया आसान होगी बल्कि पेपरवर्क का झंझट भी काफी कम हो जाएगा।

### फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाने के लिए लिया गया अहम फैसला

बोर्ड मीटिंग में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले का मुख्य मकसद बाजार में फ्लेक्सिबिलिटी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी को बेहतर बनाना है। इस फैसले से लिस्टेड कंपनियों के लिए कैपिटल एलोकेशन टूल के तौर पर बायबैक का विकल्प और ज्यादा आकर्षक बन सकेगा। गौरतलब है कि सेबी ने साल 2025 में ओपन-मार्केट बायबैक को धीरे-धीरे बंद कर दिया था। उस समय शेयरहोल्डर्स के साथ असमान व्यवहार और टैक्स से जुड़ी गड़बड़ियों की चिंताएं सामने आई थीं, क्योंकि इस पुरानी व्यवस्था को कुछ खास निवेशकों के पक्ष में माना जा रहा था। जब भी कोई कंपनी अपने शेयर वापस खरीदती है, तो बाजार में उसके कुल शेयरों की संख्या कम हो जाती है, जिससे प्रति शेयर कमाई (ईपीएस) में सुधार होता है और निवेशकों का भरोसा मजबूत होता है।



### म्यूचुअल फंड्स को मिली इंट्रा-डे उधार लेने की छूट

बायबैक के अलावा सेबी ने कई अन्य वित्तीय नियमों में भी बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत म्यूचुअल फंड्स को अब इंट्रा-डे उधार लेने की इजाजत मिल गई है। इससे पे-इन और पे-आउट सेटलमेंट, विदेशी मुद्रा से जुड़ी देनदारियों और डेरिवेटिव पोजीशन से जुड़े टाइमिंग मिसमैच की समस्या को आसानी से दूर किया जा सकेगा। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने स्पष्ट किया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य फंड मैनेजरों को रोजाना की लिक्विडिटी मिसमैच को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद करना है। हालांकि, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस तरह का उधार दिन खत्म होने से पहले चुका दिया जाए।

### सिक्योरिटीज ट्रांसफर की प्रक्रिया को किया गया आसान

सेबी बोर्ड ने निवेशक की मृत्यु के बाद नॉमिनी और कानूनी वारिसों के लिए सिक्योरिटीज ट्रांसफर (ट्रांसमिशन) की प्रक्रिया को भी काफी सरल बना दिया है। रेगुलेटर ने कम वैल्यू वाले दावों के तेजी से निपटारे के लिए 'क्विक ट्रांसमिशन प्रोसेसिंग' (क्यूटीपी) नाम की नई कैटेगरी शुरू की है। इसके तहत फिजिकल सिक्योरिटीज के लिए 10,000 रुपये तक और डीमैट सिक्योरिटीज के लिए 30,000 रुपये तक के दावों की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आसान डॉक्यूमेंटेशन के जरिए ट्रांसमिशन की लिमिट को दोगुना कर दिया गया है। अब फिजिकल होल्डिंग्स के लिए यह सीमा 10 लाख रुपये और डीमैट होल्डिंग्स के लिए 30 लाख रुपये कर दी गई है।

### एआईएफ सेक्टर को रफ्तार देने के लिए 'गरुड़' को मंजूरी

अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) सेक्टर को बूस्ट देने के लिए सेबी बोर्ड ने 'गरुड़' (व्रक्रछ) नाम के एक नए ग्रीन-चैनल मैकेनिज्म को भी अपनी मंजूरी दी है। इसका सीधा मकसद एआईएफ स्कीम लॉन्च करने की प्रक्रिया को तेज करना है। इस नए फ्रेमवर्क के तहत योग्य स्कीमें अब प्लेसमेंट मेमोरेंडम फाइल करने के महज 10 कार्य दिवसों के भीतर ही फंड जुटाना शुरू कर सकेंगी, जबकि पहले इसके लिए 30 दिन तक का लंबा इंतजार करना पड़ता था। सिर्फ एक्रेडिटेड निवेशकों वाली स्कीम और एंजेल फंड्स के लिए रेगुलेटर ने मर्चेंट बैंकर के जरिए प्लेसमेंट मेमोरेंडम फाइल करने की जरूरत भी खत्म कर दी है।

## व्यापार और निवेश के बदलते तरीकों से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आई तेजी

नईदिल्ली, (ए.)। दुनिया में जैसे-जैस अमीर लोग अपने रहने, निवेश और व्यापार करने के लिए जगह को अलग-अलग तरीके से बदल रहे हैं, विदेशी बाजारों में (अंतराराष्ट्रीय मोबाइल कैपिटल) किए जाने वाले वित्तीय निवेश के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा में तेजी आई है.

2026 में, सिंगापुर, इटली, स्विट्जरलैंड, ग्रीस, हांगकांग और न्यूजीलैंड जैसे देश हाई-नेट-वर्थ वाले लोगों के लिए अपनी अपील बढ़ा रहे हैं. जबकि यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस, नॉर्वे और साउथ कोरिया जैसे देशों पर टैक्स सुधारों, नीति में अनिश्चितता और निवेशकों की बदलती सोच का दबाव बढ़ रहा है.

रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल वेल्थ मोबिलिटी अब सिर्फ कर अनुकूलन या लाइफस्टाइल पसंद से नहीं चलती है. इसके बजाय, अमीर परिवार लंबे समय की रणनीति अपना रहे हैं, जिससे वे अपने घरों, नागरिकता, बिजनेस और निवेश को कई जगहों पर फैला सकें, ताकि लचीलापन और मौकों तक पहुंच बेहतर हो सके.इस साल वेल्थ माइग्रेशन (धन प्रवास) को आकार देने के लिए दो बड़े विकास की उम्मीद है. अमेरिका मे, जो दुनिया का सबसे बड़ा वेल्थ क्रिएशन इंजन है, दूसरे घरों और नागरिकता के ऑप्शन की डिमांड बढ़ गई है, क्योंकि अमीर अमेरिकी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विविधीकरण चाहते हैं. इस बीच, मिडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक तनाव ने खाड़ी देशों, खासकर संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले बाहर के निवेशकों को इमरजेंसी प्लानिंग को मजबूत करने और अतिरिक्त गतिशीलता विकल्प लेने के लिए प्रेरित किया है, भले ही वे अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति बनाए रखें.

# बजट बनाना हुआ आसान, आपके पैसों का हिसाब रखेंगे ये एआई टूल



नईदिल्ली, (ए.)। पैसों का सही प्रबंधन कई लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण काम होता है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित टूल्स ने इसे काफी आसान बना दिया है। ये टूल खर्चों का रिकॉर्ड अपने आप रखते हैं, यह बताते हैं कि पैसा कहां खर्च हो रहा है और बचत के बेहतर तरीके भी सुझाते हैं। साल 2026 में वाईएनबी (यू नीड अ बजट), कोपायलट मनी, क्लिओ, रॉकेट मनी और गूगल जेमिनी या चैटजीपीटी जैसे टूल तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

वाईएनबी यानी यू नीड अ बजट एक ऐसा ऐप है, जो हर रुपये को किसी खास काम के लिए तय करने की सलाह देता है। इसकी मदद से लोग अपनी कमाई को अलग-अलग जरूरतों और बचत के लिए बांट सकते हैं। यह टूल एआई की मदद से तुरंत बताता है कि पैसा कहां खर्च हो रहा है। यह उन लोगों के लिए उपयोगी माना जाता है, जो अपने खर्च और बचत को व्यवस्थित तरीके से संभालना चाहते हैं।

कोपायलट मनी खर्चों को श्रेणियों में बांटने की सुविधा देता है। यह कैश फ्लो, निवेश और कुल संपत्ति का विश्लेषण करने में भी मदद करता है। इस टूल का डैशबोर्ड यूजर्स को उनके पैसों की स्थिति एक जगह पर दिखाता है। इससे लोगों को अपने वित्त की गहराई से समझ मिलती है और हर खर्च को अलग से ट्रैक करने की जरूरत कम हो जाती है। यह उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो अपने वित्त का विश्लेषण चाहते हैं।

क्लिओ एक चैटबॉट की तरह काम करता है और लोगों को बातचीत के जरिए बजट बनाने में मदद करता है। यह खर्च करने की आदतों पर नजर रखने और बचत बढ़ाने के लिए आसान भाषा में सुझाव देता है। पारंपरिक फाइनेंस ऐप की तुलना में इसका तरीका ज्यादा सरल और इंटरैक्टिव माना जाता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प है, जो जटिल वित्तीय शब्दों के बजाय सीधे और आसान तरीके से पैसों को समझना चाहते हैं। रॉकेट मनी का मुख्य फोकस सब्सक्रिप्शन और बिल से जुड़े खर्चों को ट्रैक करना है। यह एआई की मदद से बार-बार होने वाले खर्चों की पहचान करता है और बताता है कि कहां अनावश्यक खर्च हो रहा है। इससे लोगों को ऐसे सब्सक्रिप्शन बंद करने में मदद मिलती है, जिनका इस्तेमाल कम होता है। यह टूल मासिक खर्च को व्यवस्थित करने और कैश फ्लो को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## नीट पेपर लीक

छात्रों का सवाल है कि नीट पेपर लीक, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग में गड़बड़ी, अनगिनत परीक्षाओं के आयोजन में अव्यवस्था आदि के लिए किसी को तो उत्तरदायी होना चाहिए? फिलहाल, उन्होंने शिक्षा मंत्री को जवाबदेह माना है। कॉकरोच जनता पार्टी के पहले जमीनी विरोध प्रदर्शन में सामान्यत: अपेक्षाकृत संपन्न परिवारों से आए छात्र- नौजवानों का जमावड़ा लगा। उनका, जो शिक्षा के जरिए ऊंचे करियर का सपना देख सकने की स्थिति में होते हैं। शिक्षा की ढहती व्यवस्था उनके सपनों के साकार होने में रुकावट बन गई है, तो ये युवा ये पूछने निकले हैं कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसीलिए नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर जो शब्द सबसे ज्यादा सुनाई दिया, वो है- जवाबदेही। छात्रों का सवाल है कि नीट पेपर लीक, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग में गड़बड़ी, अनगिनत प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन में अव्यवस्था आदि के लिए किसी को तो उत्तरदायी होना चाहिए? फिलहाल, उन्होंने इनके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को जवाबदेह माना है, इसलिए उनकी पहली मांग है कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। वैसे, प्रदर्शन स्थल पर सवाल यह भी उठा कि यूनिवर्सिटीज की टॉप वर्ल्ड रैंकिंग में पहले 100 स्थान में एक भी भारतीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं है? ये बुनियादी प्रश्न हैं। सत्ताधारी इनकी ज्यादा देर तक अनदेखी नहीं कर सकते। भाजपा नेतृत्व को समझना चाहिए कि कॉकरोच लामबंदी में बड़ी संख्या में वो नौजवान शामिल हुए हैं, जिनकी उम्र 15-25 वर्ष के बीच है। उन्होंने अपने होश में सिर्फ मोदी राज देखा है।इसलिए उनके बीच पिछली सरकारों की नाकामियों का शोर मचाने की रणनीति निष्प्रभावी होने लगी है। ये पीढ़ी हिंदू- मुसलमान, देशद्रोही- पाकिस्तान आदि के नैरेटिव्स को सुनते हुए बड़ी हुई है। उससे उसको तब तक शिकायत नहीं थी, जब तक उन्हें अपना करियर सुरक्षित दिखता था। आम तुजुर्बा है कि जब अपना भविष्य दांव पर लगा दिखे, तो ऐसी कहानियां बेअसर होने लगती हैं। जंतर-मंतर एक ऐसी पीढ़ी के उभर चुकने का गवाह बना। सत्ता पक्ष को इस जमीनी बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए। जवाबदेही की उठी मांग पर उसे सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए। युवा भावनाओं को दबाने या भटकाने की कोशिश के उलटे परिणाम हो सकते हैं। याद रखना चाहिए कि दुनिया ज़ेन-जी परिघटना से गुजर रही है। अत: भारत में इस पीढ़ी की आंकाक्षाएं संवैधानिक दायरे में पूरी हो जाएं, इसे वर्तमान सरकार को अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए।

# स्वस्थ, जागरूक और विकसित भारत की आधारशिला है "योग"



**डॉ. मोहन यादव**

"समत्वं योग उच्यते" अर्थात् संतुलन ही योग है...श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण का यह संदेश जहां समूचे विश्व को संतुलित करने का सूत्र है, वहीं महर्षि पतंजलि ने पतंजलि योग सूत्र में "योगश्चित्तवृत्तिनिरोध:"के माध्यम से मानव जीवन को स्वस्थ और निरोग रहने का मार्ग प्रदान किया है।

भारत की यही सनातन योग परंपरा विश्व को शरीर, मन और आत्मा के स्तर पर संतुलित और समृद्ध बनाने का आधार है। सदियों पूर्व ऋषि-मुनियों द्वारा विकसित जीवन पद्धति आज सम्पूर्ण विश्व के लिए सुख, शांति और संतुलन का मार्ग है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि योग विश्व मानवता के कल्याण का माध्यम बन गया है।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की गई। यह निर्णय भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन के प्रति विश्व समुदाय के सम्मान का प्रतीक है। दुनियाभर के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक नेतृत्व का प्रमाण है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिये योग रखी गई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मध्यप्रदेश की पावन धरती पर आयोजित समारोह में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनका आगमन मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह सुखद संयोग है कि योग के वैश्विक आंदोलन में मध्यप्रदेश को विशेष भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए हैं। स्वस्थ नागरिक विकसित और समृद्ध राष्ट्र का आधार है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए घर-घर योग - हर व्यक्ति निरोग अभियान शुरू किया गया है। प्रदेश में 800 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों तथा विभिन्न चिकित्सालयों में नियमित योग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा छोटे-छोटे समूहों में भी नागरिकों को योगाभ्यास करवाया जा रहा है। योग-सखी और योग-दूत गांव-गांव और शहर-मोहल्लों तक योग का संदेश पहुंचा रहे हैं।प्रदेश में 12 मई से आरंभ हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन हर घर योग अभियान से जनभागीदारी का नया अध्याय लिख रहा है। इसी क्रम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन योग सत्रों का लाभ प्रदेश के लोगों को प्राप्त हो रहा है। हम सभी के लिए गौरव की बात है कि विगत दिनों इंदौर स्थित मालवांचल यूनिवर्सिटी में



आयोजित योग महोत्सव में 35 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सामूहिक योग कर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। योग वन अर्थ-वन हेल्थ विचार को व्यवहार में उतारने का माध्यम है जो हमें स्वयं, समाज और प्रकृति से जोड़ता है। यह शरीर को स्वस्थ रखने के साथ जीवन को संतुलित, सार्थक और उत्कृष्ट बनाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने योग को पर्यावरण-संरक्षण और जनकल्याण से भी जोड़ा है। विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष जन-अभियान संचालित किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान से पर्यावरण-संरक्षण और योग से स्वास्थ्य संरक्षण पर कार्य किया जा रहा है। प्रकृति और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। योग हमें प्रकृति संग सह-अस्तित्व का जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यही भारतीय जीवन-दर्शन का मूल तत्व भी है। मध्यप्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा, योग वेलनेस सेंटर, आरोग्य मंदिरों तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से योग को जनांदोलन बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक योग से लाभ प्राप्त करे और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाए।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि मध्यप्रदेश में जनवरी 2027 में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य और एक चेतना: समग्र कल्याण के लिए योग विषय पर वैश्विक सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश, भारत की सभ्यतागत चेतना का वैश्विक प्रतिनिधित्व करेगा।आज जब दुनिया तनाव, अवसाद, जीवनशैली जनित रोगों और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे समय में योग मानवता के लिए बड़ा संबल है। ऐसे यह स्वस्थ शरीर, शांत मन और सुखी जीवन का आधार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का संकल्प है। यह भारत की उस प्राचीन चेतना का उत्सव है, जिसने सदियों से मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। हमें गर्व है कि आज पूरी दुनिया योग को अपनाकर भारत के इस अमूल्य ज्ञान का लाभ प्राप्त कर रही है।

मैं, प्रदेश के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजन, विद्यार्थियों, शासकीय सेवकों और सामाजिक संगठनों से आग्रह करता हूं कि वे योग गतिविधियों से जुड़ें और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

आइए, हम सभी मिलकर योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। अपने परिवार और समाज को इससे जोड़ें तथा स्वस्थ मध्यप्रदेश, विकसित भारत और समृद्ध विश्व के निर्माण में सहभागी बनें।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएं...

(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

# चढ़ावा चोरी: आस्था को बचाने 'डिजीटल अर्पणम्' अपनाएं !

**अजय बोकिल**

करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केन्द्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सवा साल से ज्यादा समय से चढ़ावा चोरी का जो बेखौफ खेल चल रहा था, उससे लगता है कि रामभक्तों से ज्यादा चढ़ावा चोरों को भगवान राम पर भरोसा था कि आस्था की जेब से निकले चढ़ावे की जी चाहे जितनी रकम डकारते जाओ, कहीं कुछ नहीं बिगड़ेगा। क्योंकि मंदिर भी राम का, भक्त भी राम के, चढ़ावा भी राम का, चढ़ावा चोर राम के और चोर पकड़ने वाले कोतवाल भी रामके। अब सवाल तो यह है कि राम भक्त आखिर करें क्या? क्या चढ़ावा चढ़ाना बंद कर दें, हाथ जोड़कर दर्शन की इतिश्री कर लें या फिर चढ़ावे को बचाने के कुछ सुरक्षित तरीके अपनाएं? जिस तरह इस भव्य मंदिर में भी चोरों का नेटवर्क सामने आया है, उसका सबक तो यही है कि मंदिर में अब श्रद्धालुओं को नकदी के बजाए जगह डिजीटल अर्पणम् (चढ़ावे) को ही तवज्जो देनी चाहिए। दानपेटियों को अब कूड़ेदान में डाल दिया जाना चाहिए ताकि आस्था और विश्वास की पवित्रता कायम रखी जा सके। यूं भी आजकल लोग चाय-पान तक का पेमेंट भी यूपीआई से करते हैं तो भगवान की सेवा में आस्था के पत्रम् पुष्पम् के लिए यह तरीका ज्यादा सुरक्षित होगा। वैसे भगवान तो खुद दाता है, भक्त उसे भला क्या देगा। चढ़ावे के रूप में जो कुछ दान पुण्य किया जाता है, वह वास्तव में मंदिर के भौतिक रखरखाव और धर्म के प्रबंधन के लिए होता है। 21 वीं सदी में भगवान से भी यही अपेक्षा है कि वो भक्त की दानशीलता का अकाउंट ऑन लाइन ही मेंटेन करें। डिजीटल दान का बड़ा लाभ यह है कि आपकी अटूट श्रद्धा पंडे पुजारी, नोट गणक अथवा प्रबंधकों की बुरी नजर से बची रहेगी। जो अभी भी डिजीटल फ्रेंडली नहीं हैं, वो दान काउंटर पर ही चढ़ावा देकर रसीद लें ताकि ट्रस्ट और बैंक की जानकारी में भी। भगवान के हिसाब में रहे ताकि आखिर में पाप-पुण्य के ऑडिट के समय आपको वांछित 'वेटेज' मिल सके। हालांकि मानवीय नीयत के आगे यह तरीका भी सौ फीसदी सुरक्षित नहीं है। लेकिन उस दानपेटी में भोले मन से डाली गई नकदी से तो बेहतर ही है, जो गिनती के दायरे में आने से पहले ही अंटी कर ली जाती है। इस पूरे चढ़ावा कांड में आरंभिक जानकारी में पताचला है कि श्री राम मंदिर में रोजाना 5 करोड़ रू. का नकदी और सोने चांदी का चढ़ावा आ रहा था और इसमें से प्रतिदिन औसतन 10 लाख रू. पर चढ़ावा चोरी गैंग हाथ साफ कर रही थी। अब खबर है कि चढ़ावा चोरी कांड उजागर होने के बाद अब नकदी चढ़ावे की राशि घटकर डेढ़ करोड़ रू. प्रतिदिन पर आ गई है। हैरानी की बात यह है कि स्वयं भगवान के दरबार में हो रही खुले आम चोरी को लेकर किसी के माथे पर कोई शिकन या आत्मग्लानि का भाव नहीं था, जिसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट हो या मंदिर




प्रबंधन अथवा सुरक्षा कर्मी। आरंभिक जांच में पुलिस ने 2.8 करोड़ की रकम जब्त भी की है। यह भी विडंबना है कि राम भक्त जिस चढ़ावे को आध्यात्मिक मोक्ष की आकांक्षा से मंदिर में चढ़ाते रहे हैं, वही पैसा चढ़ावा चोरों की भौतिक समृद्धि और अय्याशी का कारण बन रहा है। श्री राम मंदिर निर्माण में गड़बड़ियों की शिकायतें तो 37 साल पहले राम शिला पूजन अभियान से आने लगी थीं कि सोने की कई शिलाएं गायब हैं। इसमें कुछ व्यापारियों द्वारा दी गई हीरेजड़ित शिलाएं भी शामिल है। लेकिन तब इसे अफवाह या विघ्न संतोषियों की चाल मानकर दबा दिया गया था। फिर श्रीराम मंदिर जमीन अधिग्रहण मामले में भी भारी हेराफेरी की शिकायतें आईं। लेकिन उसे भी अनसुना कर दिया गया। यूं अब भारी हल्ला मचने के बाद यूपी सरकार ने तीन अफसरों की एसआईटी बनाकर जांच शुरू कर दी है। लेकिन इस मामले में अभी तक कोई प्राथमिकी किसी के खिलाफ दर्ज नहीं है। की जाएगी, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। यहां तक कि तीन रामभक्तों ने पुलिस में लिखित शिकायत भी दी है, लेकिन उस पर भी पुलिस ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। लिया जाएगा भी नहीं, कहा जा नहीं जा सकता। अलबत्ता एसआईटी की जांच के दौरान चढ़ावा चोरी के व्यापक नेटवर्क और ऊपरी वरदहस्त की जानकारियां जरूर सामने आ रही हैं। सवाल उठता है कि क्या सारी व्यवस्था ही अंधी है? शक की सुई श्रीराम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इर्द गिर्द घूम रही है। हालांकि उन्हें बचाने वालों में से एक वरिष्ठ पदाधिकारी नृपेन्द्र मिश्रा का कहना है कि चंपत राय बेदाग हैं। लेकिन एक अदने से रामभक्त के मन में उठने वाले इन सवालों कि अगर चंपत या बेदाग हैं तो मंदिर में चढ़ावा चोरी का खेल इतने दिनों से कैसे चल रहा था, किसके संरक्षण में चल रहा था? चंपत राय को इसकी खबर कैसे नहीं लगी? लगी तो उन्होंने तत्काल इसे रोकने की कार्रवाई क्यों नहीं की? कहते हैं कि चंपत राय के बिना श्रीराम मंदिर में पत्ता नहीं हिलता तो फिर उन्हें इतने बड़े घपले की हवा कैसे नहीं लगी? अगर उन्हें यह 'खुला रहस्य' भी पता नहीं था तो वो महासचिव के पद पर बैठ कर क्या रहे थे? अगर वो गाफिल थे तो यह भी कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही और नैतिक अपराध है। हो सकता है कि सपा नेता अखिलेश यादव इस मुद्दे को न उठाते तो इस चढ़ावा चोरी पर पर्दा डला रहता और राम भक्त यूं ही ठगे जाते रहते। पहले भाजपा नेताओंऔर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टियों इसे खारिज किया। लेकिन जब संतों, कुछ पुराने विहिप नेताओं और भाजपा सांसदों ने ही चढ़ावा चोरी में घपले की बात उठानी शुरू की तो सरकार चेती। चढ़ावे की रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ के सहयोग से की जाती है। लेकिन एसबीआई भी इस मामले में मौन धारण किए रहा। अभी तक कुल कितनी राशि गबन की गई और किस किस की जेब में गई, यह तो निष्पक्ष जांच के बाद ही पता चलेगा। श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी का मुद्दा राजनीतिक रंग लेगा या नहीं, कहना मुश्किल है, लेकिन इससे भाजपा के प्रति लोगों के विश्वास में कमी जरूर आएगी। साथ ही मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधन और इस मामले में आरएसएस की खामोशी पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि चंपत राय वहीं से आते हैं। संभव है कि संघ ने अंदरूनी तौर पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की हरी झंडी दे दी हो, लेकिन जो अभी तक सामने आया है, वह बहुत क्षोभजनक और लज्जास्पद है। इसका अंदाजा भाजपा के बाहुबली सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के उस बयान से लगाया जा सकता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चढ़ावे में गबन करने वाले 'बहुत बड़े' लोग हैं। समय आने पर मैं उनके नाम उजागर करूंगा। इसका अर्थ यही है कि इस खेल में वो लोग भी शामिल हैं, जिनका नाम लेने में ब्रजभूषण शरण सिंह जैसे विवादित सांसद को भी 'डर' लगता है। दरअसल इससे राम मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों के नैतिक चरित्र की कलई खुल गई है। श्रीराम के जिस मंदिर में भगवान राम के नैतिक आदर्श के अनुरूप ही सारा काम होना चाहिए था, उसी मे सबसे पहले पलीता लगाया गया है। आदि ऋषि वाल्मीकि के 'रामायण' और गोस्वामी तुलसीदास के 'रामचरितमानस' में रामराज्य की व्याख्या ऐसे कल्याणकारी सुशासन के रूप में की गई है, जिसमें राज्य में लोगों में अपराध और लोभ का अभाव था। राज्य में कोई भी चोर या डकैत नहीं था। प्रजा अपने निर्धारित कर्तव्यों का पालन करती थी और किसी में लोभ या लालच नहीं था। कोई व्यक्ति सपने में भी पाप या अधर्म का आचरण नहीं करता। रामराज का मूलाधार लोगों की नैतिक उत्कृष्टता थी। राममंदिर के चढ़ावा घपले में इसी नैतिकता का निर्लज्ज कत्ल हुआ है। आलम यह है कि अयोध्या में रामलला के दर्शन करने वाला हर आस्थावान हिंदू चढ़ावा चढ़ाने के पहले दो बार सोचेगा कि यह किन हाथों में जाएगा। अब देखना यह है कि एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद क्या और कैसी कार्रवाई होती है। दोषियों को कठोरतम दंड देकर रामभक्तों की भावनाओं के साथ न्याय किया जाएगा या फिर दो चार छुटभैयों को फंसाकर मामला रफा दफा कर दिया जाएगा? यानी 'हुई है वही जो राम रचि राखा !

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कविता

**चमत्कारिक योग**

भारतीय वैदिक योग
जनमानस होता निरोग,
विश्व गुरु बनने की
प्रथम क्रिया तथा
प्रतिक्रिया में
पहला कदम है
वैश्विक योग दिवस,
भारत की पहल पर
विश्व में मनाया जाएगा
वैश्विक योग दिवस।
पहले निरोगी काया
फिर उस पर योग का साया,
पड़ जाए फिर स्वस्थ
जीवन की छाया।
योग ने किया सबको निरोगी
वैश्विक मुद्रा के लिए
भी उपयोगी।
स्वस्थ रहेगा तन और मन
योग शिक्षा से ही
कमा पाएंगे हम
पोंड,डॉलर और धन,
विश्व के गुरु तो बनेंगे ही
देंगे दुनिया को दिशा दर्शन,
आओ अपनाएं योग को
दूर भगाएं सारे रोग को,
योग विद्या है भारत की संपत्ति,
अपनाने में किसी को
नहीं है आपत्ति,




आओ हम सब लोग
योग सीखे और सिखाएं
इस तरह इस विद्या से
निरोगी स्वास्थ धन पाए।
जितना भारत है महान
इतनी योग विद्या भी है महान।
आओ मिलकर करे
इसका
विश्व स्तर पर गुणगान,
छा जाएगा जब
हर तरफ योग
किसी को नहीं होगा तब
किसी तरह का कोई रोग।
रखे स्वस्थ तन मन धन को
यह चमत्कारिक वैदिक योग।

***संजीव ठाकुर***
***,रायपुर छत्तीसगढ़***




मेष राशि-आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर होने वाली है। आमदनी के अच्छे योग बनेंगे। आप सुखद पलों का अनुभव करेंगे। नौकरी में बदलाव के साथ अच्छी ग्रोथ मिलने की संभावना है। आप किसी मांगलिक समारोह में शामिल होंगे।

वृष राशि-आपके लिए खुशियों से भरा दिन रहेगा। आज आपको आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ऐसे व्यक्तियों से जुड़ेंगे, जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। जिससे आप आगे तरक्की कर पाएंगे। आपको नौकरी में बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। इस समय आपको अपने खर्चों पर काबू रखना चाहिए। इस राशि के जो लोग एजुकेशन सेक्टर से जुड़े हैं उनके लिए ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

मिथुन राशि-आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से आज प्रशंसा मिलेगी। प्रमोशन के प्रबल योग हैं। आपके वैवाहिक रिश्ते में सुधार आएगा। परिवार के साथ किसी उत्सव में जाएंगे।

कर्क राशि- आपके लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आपको आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा। आपके दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी। आपके करियर को अच्छी ग्रोथ मिलने के योग हैं। नौकरी में अच्छे अवसर मिलेंगे। कहीं जॉब के लिए अप्लाई किया है, तो आज आपको अच्छी खबर मिलेगी। आपकी संतान को किसी बड़ी प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है।

सिंह राशि- आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। बिजनेस के क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलेंगे। कुछ मामलों में सावधानी बरतने की भी जरूरत है। आज आप नया प्रोजेक्ट शुरू करेंगे। आज आमदनी बढ़ने के योग बने हुये है। लाभ मिलने से आपका उत्साह दोगुना होगा।

कन्या राशि- आपके लिए आज का दिन मिला जुला रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं यात्रा पर जाएंगे जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। गवर्नमेंट सेक्टर से आपको कुछ अच्छे लाभ मिल सकते हैं। आज आपके मन में कुछ नए विचार या कंसेप्ट आएंगे।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नया बिजनेस करना चाहते हैं तो आपको आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलेगा। दोस्तों का पूरा सपोर्ट रहेगा। वह आपके साथ हर मौके पर खड़े नजर आएंगे। आप किसी नई फिल्ड में भी हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि- आपके लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आपको परिवार के बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा। आपके कई रुके हुए काम बनेंगे जिसकी वजह से आपको आर्थिक लाभ के साथ-साथ समाज में अच्छा मान सम्मान मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ किसी लंबी यात्रा पर जाएंगे। आपका मन इस दौरान धार्मिक गतिविधियों में भी लगेगा इससे आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको आपके कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी। आपका कांफिडेंस बढ़ेगा। लेकिन आप अपने व्यवहार को नम्र बनाएं। अपनी पूरी एनर्जी के साथ अपने काम को अच्छी तरह करें। आप अन्य नये क्षेत्रों से भी धन कमाने की कोशिश करेंगे।

मकर राशि- आज आपके लिए दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अपनी जगह बनाने के लिए एफर्ट लगाने होंगे। आप बढ़िया गैजेट या मोबाइल खरीदने का मन बनाएंगे। परिवार में किसी धार्मिक कार्य के होने की संभावना बन रही है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आपको व्यवसाय में मनचाही सफलता मिलेगी। कुछ अनुभवी लोगों का अच्छा सहयोग मिलेगा। आपकी आमदनी में अच्छे लाभ की संभावना बन रही है।

मीन राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। अपने कार्य क्षेत्र में आप अच्छा परफॉर्म करेंगे। अच्छी सफलता मिलने की संभावना है। आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छे ग्रोथ की संभावना है। ऑफिशियल कारणों से कहीं दूसरी जगह जाने के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशहाली रहेगी।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

सीपी राधाकृष्णन

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

परिवर्तनकारी नेतृत्व: 4,366 दिन और आगे

श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। नि:शुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा लखपति दीदियों का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि नारी शक्ति के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।

साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

विकास भी, विरासत भी: तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास

समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विकास भी, विरासत भी की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है। उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।









## पश्चिम बंगाल दिवस पर पीएम मोदी ने राज्य की ऐतिहासिक भूमिका को किया याद

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की जनता को बधाई संदेश देते हुए राष्ट्र निर्माण में बंगाल के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अवदानों की सराहना की। उन्होंने रेखांकित किया कि साहित्य, संगीत, अध्यात्म, विज्ञान और समाज सुधार जैसे क्षेत्रों में बंगाल की मेधा ने हमेशा देश की चेतना का मार्गदर्शन किया है। प्रधानमंत्री के अनुसार, यह दिवस सिर्फ अतीत के वैभव को याद करने का माध्यम नहीं है, बल्कि उन शाश्वत मूल्यों को नमन करने का दिन है जिन्होंने भारतीय पहचान को सुदृढ़ किया।

प्रधानमंत्री ने 20 जून की ऐतिहासिक प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी दिन बंगाल का भारत के अटूट हिस्से के रूप में बने रहना सुनिश्चित हुआ था। इस निर्णायक मोड़ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अविस्मरणीय और अमूल्य प्रयासों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में देश उनकी 125वीं जयंती मना रहा है, जो उनके राष्ट्र-प्रथम के संकल्पों को समर्पित है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विकास की गति को और बढ़ाएंगी।

## पॉक्सो केस में बड़ा अपडेट, केंद्रीय मंत्री के बेटे को मिली 7 दिन की अंतरिम जमानत

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना के हैदराबाद में मलकाजगिरि स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून से जुड़े एक विशेष न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के पुत्र बंदी साई भागीरथ को सात दिनों की अवधि के लिए अंतरिम जमानत प्रदान कर दी है। आरोपी के विरुद्ध बशीर बाग पुलिस थाने में गंभीर धाराओं के तहत पॉक्सो अधिनियम का आपराधिक मामला पंजीकृत है। आधिकारिक सूत्रों से छनकर आई जानकारी के मुताबिक, इस हाई-प्रोफाइल मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत आगामी कदम उठाए जा रहे हैं।

न्यायिक सूत्रों के अनुसार, विशेष अदालत ने आरोपी भागीरथ की अंतिम परीक्षाओं की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए यह अस्थायी राहत दी है, ताकि वह बिना किसी बाधा के अपनी परीक्षा में उपस्थित होकर पर्चे दे सके। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यह अंतरिम जमानत केवल सात दिनों की समयावधि के लिए ही मान्य होगी और आरोपी को न्यायालय द्वारा अधिरोपित की गई सभी सख्त शर्तों व विधिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। इससे पूर्व, कथित यौन उत्पीड़न के इस संगीन मामले में घिरे बंदी साई भागीरथ को कोर्ट के आदेश पर 29 मई तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में बचाव पक्ष के विधि विशेषज्ञों ने पुलिस की रिमांड अर्जी का पुरजोर विरोध करते हुए उसे खारिज करने के लिए एक विस्तृत प्रतिवाद पत्र दाखिल किया था।

## केरल हाईकोर्ट ने दिया मोनालिसा को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश, कुंभ मेले में हुई थी वायरल

कोच्चि,(आरएनएस) । केरल हाईकोर्ट ने कुंभ मेले के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुई युवती मोनालिसा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं। मोनालिसा की याचिका पर अदालत ने सुनवाई करते हुए सेंट्रल पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर को जरूरी सुरक्षा देने का निर्देश दिया। मोनालिसा ने अदालत को बताया कि उसके गृह राज्य मध्य प्रदेश में उसकी जान को खतरा है और यदि वह वहां लौटती है तो सम्मान के नाम उसकी हत्या की जा सकती है। उसने यह भी कहा कि वह बालिग है और अपने भविष्य से जुड़े फैसले लेने का उसे पूरा अधिकार है। हालांकिमध्य प्रदेश सरकार ने उसके इस दावे का विरोध करते हुए कहा कि युवती अभी नाबालिग है। कुंभ मेले के दौरान वायरल हुई मोनालिसा ने 11 मार्च को तिरुवनंतपुरम के अरुमानुर में श्री नैनार देवी मंदिर में शादी कर ली थी। हालांकि इसके बाद शादी के समय उसकी उम्र को लेकर विवाद छिड़ गया। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में पाया गया कि शादी के समय लड़की की उम्र सिर्फ 16 साल थी। आयोग ने महेश्वर सरकारी अस्पताल द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र का हवाला दिया, जिसमें उसकी जन्म तिथि 30 दिसंबर, 2009 को शाम 5:50 बजे दर्ज है।हालांकि, तिरुवनंतपुरम पुलिस के सामने लड़की द्वारा पेश किए गए दस्तावेजों में उसकी जन्म तिथि 1 जनवरी, 2008 दिखाई गई, जिससे पता चलता है कि वह बालिग थी। आयोग ने आरोप लगाया है कि लड़की द्वारा जमा किया गया जन्म प्रमाण पत्र जाली था।कुंभ मेले के दौरान लड़की के सोशल मीडिया पर चर्चा में आने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया था। उसकी उम्र और शादी की वैधता को लेकर विवाद बाद में केरल और मध्य प्रदेश के अधिकारियों के बीच कानूनी लड़ाई में बदला।

# मानसून 23 जून को तेलंगाना से आगे बढ़ेगा, अनुकूल परिस्थितियां बनीं; जानें कब-कहां पहुंचेगा



नईदिल्ली,(आरएनएस)। मानसून के अटकने से देशभर के लोगों खासतौर पर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। हालांकि, अब मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बनने लगी हैं। मौसम पूर्वानुमानों से संकेत मिल रहा है कि मध्य भारत में बारिश लाने वाले बादल धीरे-धीरे फिर से मजबूत हो रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, 23 जून तक मानसून के तेलंगाना से आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून के लिए जरूरी सिस्टम सक्रिय हो गया है। 19 जून से 25 जून के बीच छत्तीसगढ़, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश और विदर्भ में छिटपुट से लेकर तेज बारिश होने की संभावना है। बता दें कि मानसून केरलम पहुंचने के बाद 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है।

आईएमडी के मुताबिक, पश्चिमी मध्य प्रदेश में 21 से 23 जून के बीच बिजली गिरने और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 20 से 23 जून और विदर्भ में 19 से 23 जून तक ऐसी ही स्थिति रहने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ में 19 से 23 जून के बीच गरज और बिजली गिरने की आशंका है, जिसमें 22 और 23 जून को अधिक तीव्रता की संभावना है।21 जून को बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बारिश की संभावना। बिहार में कुछ जगहों पर तेज हवाएं चल सकती हैं। असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 22 जून को झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। मानसून आने में देरी होने के पीछ अल-नीनो समेत कई कारण जिम्मेदार माने जा रहे हैं। अल-नीनो प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने की मौसमी घटना है, जिससे मानसूनी हवाएं कमजोर हो जाती हैं। इसके अलावा मैडेन-जूलियन ऑसिलेशन का कमजोर होना भी वजह है,

जो बादलों को दक्षिण भारत से उत्तर भारत की ओर लाने में अहम भूमिका निभाता है। इसके चलते 1-18 जून के बीच देश में सामान्य से 38 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

## 'ऐसे सिस्टम को परीक्षा आयोजित करने का अधिकार नहीं', नीट एडमिट कार्ड विवाद पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। नागपुर से नीट यूजी री-एग्जाम को लेकर एक गंभीर प्रशासनिक चूक का मामला सामने आया है, जिसने परीक्षा व्यवस्था और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 21 जून को देशभर में एक शिफ्ट में आयोजित होने वाली नीट यूजी री-एग्जाम के लिए जारी एडमिट कार्ड में नागपुर के एक छात्र का परीक्षा केंद्र अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) दर्शाए जाने की बात सामने आई है। छात्र का नाम अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब बताया जा रहा है। छात्र ने जब अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया तो उसमें भारत के बजाय विदेश स्थित परीक्षा केंद्र का उल्लेख देखकर वह और उसका परिवार हैरान रह गया। परिजनों के अनुसार, उनके पास न तो पासपोर्ट है और न ही विदेश जाकर परीक्षा देने की कोई व्यवस्था या संसाधन हैं। इस कारण परिवार में चिंता और तनाव का माहौल बन गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस घटना का जिक्र करते हुए परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक छात्र, जो पिछले एक महीने से परीक्षा की तैयारी कर रहा था, उसे अंतिम समय में पता चला कि उसका परीक्षा केंद्र विदेश में है। इससे वह गहरे मानसिक दबाव में आ गया।राहुल गांधी ने लिखा, न पासपोर्ट, न परिवार के पास विदेश भेजने के पैसे और न ही अब कोई समय बचा है।

## जन कल्याण शिविरों को दिल्लीवासियों का अभूतपूर्व समर्थन, दूसरे दिन सहभागिता का आंकड़ा 28,000 के पार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय (18 से 20 जून) जन कल्याण शिविरों के दूसरे दिन दिल्लीवासियों का उत्साह और अधिक बढ़ गया है। शिविर के दूसरे दिन विभिन्न केंद्रों पर रिकॉर्ड 28,107 नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विभिन्न सरकारी योजनाओं व सेवाओं का सीधा लाभ उठाया। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक प्रक्रियाओं में भाग लिया। शिविर के पहले दिन आधिकारिक जानकारी के अनुसार 15,866 लोग पहुंचे थे। दो दिनों को मिलाकर अब तक कुल 43,973 नागरिकों ने इन शिविरों के माध्यम से सरकारी सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किए



मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने इस भारी जनभागीदारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जन कल्याण शिविरों को मिल रहा यह व्यापक समर्थन इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली सरकार जनसेवा को जनता के द्वार तक पहुंचाने में पूरी तरह सफल रही है। जब लोगों को उनके घर के पास ही सभी विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे मिल जाते हैं तो उनका समय और भागदौड़ दोनों बचती है। दूसरे दिन त्रिलोकपुरी केंद्र भी पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी शीर्ष पर रहा, जहां सबसे अधिक 1,349 नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद गोकलपुर केंद्र पर 1,335 लोग पहुंचे। सावित्री नगर केंद्र पर भी जनभागीदारी का ग्राफ तेजी से बढ़ा और 1,253 नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। ईस्ट लोनी रोड केंद्र पर भी 1,246 नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की गई। इसके अलावा नजफगढ़ स्टेडियम 1,121, विकासपुरी 1,051 और राजौरी गार्डन 1,130 केंद्रों पर भी नागरिकों की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई।



*लद्दाख के लेह ज़िले में अपनी यात्रा के दूसरे दिन, सी. पी. राधाकृष्णन ने सिंधु नदी के किनारे स्थित सिंधु घाट पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान लद्दाख के उप-रा%यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद थे।*

## इतिहास में पहली बार एफएटीएफ का उपाध्यक्ष बना भारत, विवेक अग्रवाल को मिली जिम्मेदारी

नईदिल्ली(आरएनएस)। कूटनीति और वित्तीय नजरिए से भारत को एक अहम उपलब्धि हासिल हुई है। इतिहास में पहली बार भारत को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इसके साथ ही पेरिस स्थित संगठन के मुख्यालय में केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल को एफएटीएफ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। एफएटीएफ एक वैश्विक संस्था है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के लिए मानक निर्धारित करती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, एफएटीएफ में भारत के लिए बड़ी जीत! चूंकि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति का समर्थन करता रहा है, इसलिए यह नेतृत्वकारी भूमिका वैश्विक आतंकवादी फंडिंग नेटवर्क से निपटने और गैर-कानूनी वित्तीय प्रणालियों को खत्म करने पर हमारे लगातार फोकस को और मजबूत करती है। एफएटीएफ में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूर्व प्रमुख के तौर पर अग्रवाल की गहरी विशेषज्ञता, वित्तीय अखंडता सुनिश्चित करने के एफएटीएफ के लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी।

एफएटीएफ ने एक बयान में कहा, सदस्यों ने ब्रिटेन की आगामी अध्यक्षता में एफएटीएफ की प्राथमिकताओं को मंजूरी दी और भारत के विवेक अग्रवाल को आगामी उपाध्यक्ष (जुलाई 2026-जून 2027) के रूप में नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, श्री अग्रवाल का चुनाव इस बात का संकेत है कि वैश्विक वित्तीय सुरक्षा और अवैध धन के खिलाफ कार्रवाई में भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है।

# शशि थरूर ने फिर बढ़ाई कांग्रेस की मुश्किलें, भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर मोदी के संदेश का किया समर्थन

नईदिल्ली, (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपने बयान से भाजपा को कांग्रेस पर निशाना साधने का मौका दे दिया है। थरूर ने ईरान युद्ध में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 सम्मेलन के संदेश का समर्थन किया है। थरूर का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस प्रधानमंत्री पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के दौरान चुप रहने का आरोप लगा रही है।

थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नाविकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत की चिंताओं से अवगत कराया और इस बात पर जोर दिया कि युद्धकाल में नाविकों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के साथ सार्वजनिक और निजी दोनों बैठकों में अपना रुख स्पष्ट कर दिया। यह संदेश देना महत्वपूर्ण है कि युद्धकाल में वाणिज्यिक जहाजों पर तैनात नागरिक नाविकों को युद्ध का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात को लेकर निशाना साधा था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि ओमान की खाड़ी में जहाज पर हुए हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा प्रधानमंत्री ने ट्रंप के सामने नहीं उठाया। कांग्रेस ने कहा कि घटना को लेकर बढ़ते आक्रोश के बावजूद प्रधानमंत्री इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उठाने में विफल रहे और अमेरिका से माफी या खेद व्यक्त करने की मांग क्यों नहीं की गई।

थरूर की टिप्पणी ने भाजपा को कांग्रेस पर निशाना साधने का मौका दे दिया। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए थरूर की खुलेआम प्रशंसा ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। भाजपा ने कहा, थरूर खुलेआम प्रधानमंत्री की कूटनीति की तारीफ कर रहे हैं! राष्ट्रीय हित की रक्षा की बात आती है तो प्रधानमंत्री सबसे आगे हैं। लेकिन भारत के राष्ट्रीय हित के खिलाफ बोलने की बात आती है तो राहुल गांधी सबको पीछे छोड़ देते हैं।



दरअसल, जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी और ट्रंप के बीच मुलाकात हुई थी। इससे ठीक पहले ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत हो गई थी। इसे लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा था। विपक्ष का कहना था कि प्रधानमंत्री ने ट्रंप से मुलाकात के दौरान इस मुद्दे को नहीं उठाया। अब इसी मुद्दे पर थरूर ने पार्टी से अलग रुख अपना लिया है।

# नीट अभ्यर्थी केवल एडमिट कार्ड दिखाकर डीटीसी बसों में कर सकेंगे निःशुल्क यात्राः CM रेखा गुप्ता

### नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त डीटीसी यात्रा, अभिभावकों के लिए विशेष कूलिंग जोन की व्यवस्था 97 परीक्षा केंद्रों के बाहर मिलेगा बैठने का स्थान, पेयजल, ओआरएस, शिकंजी, चाय और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए कल लाखों विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएंगे। परीक्षा से एक दिन पहले मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा के दिन किसी भी परिवार को परिवहन, गर्मी या प्रतीक्षा से जुड़ी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां नीट अभ्यर्थियों के लिए डीटीसी बसों में नि:शुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई है, वहीं सभी 97 परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों और परिजनों के लिए विशेष कूलिंग जोन भी तैयार कर दिए गए हैं। हर विद्यार्थी के सपनों और हर अभिभावक की उम्मीदों का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है और पूरी दिल्ली कल परीक्षा देने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी की सफलता के लिए शुभकामनाएं दे रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए कुल 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास जिला प्रशासन की ओर से विशेष कूलिंग जोन स्थापित किए जा रहे हैं। यह पहली बार है जब परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता और परिजनों के आराम एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रतीक्षा व्यवस्था की



जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी केंद्र के भीतर होते हैं, लेकिन बाहर कई घंटे तक प्रतीक्षा कर रहे माता-पिता की चिंता, धूप, गर्मी और असुविधा पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता। दिल्ली सरकार ने इस मानवीय पहलू को समझते हुए केंद्रों के आसपास कूलिंग जोन बनाए हैं, जहां अभिभावकों के बैठने व विश्राम की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल, शिकंजी, ओआरएस, चाय तथा प्राथमिक चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर ही उनके लिए आरामदायक प्रतीक्षा व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 21 जून को सभी नीट परीक्षार्थी डीटीसी बसों में नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए उन्हें केवल अपना वैध नीट एडमिट कार्ड बस कंडक्टर को दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि परीक्षा के दिन विद्यार्थियों को परिवहन संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और वे समय पर अपने परीक्षा केंद्र पहुंचकर पूरी एकाग्रता एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं का समय, परिश्रम और भविष्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि परीक्षार्थियों को उनकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान हरसंभव सहयोग और सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जब अभिभावक सहज और निश्चिंत रहेंगे तो विद्यार्थियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकेंगे।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी नीट अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परीक्षा उनके परिश्रम, समर्पण और सपनों को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आग्रह किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना कर रही है।

## भीषण सड़क हादसाः खड़े ट्रक से टकराई बाइक, 3 युवकों की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने फूंक दिया ट्रक

सूरजपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुरजपुर जिले से एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक खड़े ट्रक से टकराने के कारण बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। यह घटना प्रतापपुर थाना इलाके में हुई है।

लापरवाही ने ली तीन जान

जानकारी के मुताबिक, हादसे की वजह ट्रक ड्राइवर की बड़ी लापरवाही रही। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर ने पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर ट्रक को सड़क पर ही लावारिस छोड़कर फरार हो गया। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार होकर आ रहे चार युवक सड़क पर खड़े इस ट्रक से सीधे जा टकराए। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की खबर फैलते ही शिवपुर इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना स्थल पर इकट्ठा होकर जमकर हंगामा किया और ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और मामला शांत कराते हुए जांच में जुट गई।

## इजरायल ने युद्धविराम के बावजूद लेबनान पर फिर हमला किया, 5 की मौत

बेरूत,(आरएनएस)। इजरायल ने लेबनान पर फिर हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई है। ये हमले ऐसे वक्त हुए हैं, जब एक दिन पहले ही दोनों देशों में युद्धविराम पर सहमति बनी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल के विमान और ड्रोन ने रातभर नबातिएह इलाके में कई जगह हमले किए, जिनमें रिहायशी इमारतें और घरों को निशाना बनाया गया। साथ ही इजरायली सेना ने तोप के गोले भी दागे।

रिपोर्ट के मुताबिक, अरब सलीम गांव पर इजरायली हमले में 3 लोग मारे गए। देइर एज-जहरानी म्युनिसिपैलिटी पर हमले में एक व्यक्ति मारा गया। दौइर गांव में एक मोटरसाइकिल पर इजरायली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति मारा गया। अल-नुमाइरिया गांव पर हवाई हमले में कई घर तबाह हो गए। इजरायली विमान हमले में काफर गोज गांव की 2 रिहायशी इमारत तबाह हो गई। इसके अलावा कफर रेमन, नबातिह अल-फौका, शूकिन, हब्बूश, जेबदीन, सजद और महमूदिया गांव पर भी हमले हुए।

ये हमले पहले से ही नाजुक युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता और बढ़ा सकते हैं। ईरान ने भी अमेरिका के साथ युद्धविराम को लेकर एक अहम शर्त रखी है कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध रोका जाएगा। इससे पहले भी इजरायली हमले के बाद ईरान ने स्विट्जरलैंड में अमेरिका के साथ होने वाली वार्ता स्थगित कर दी थी। साथ ही इजरायली हमले अमेरिका के साथ भी तनाव को बढ़ा रहे हैं।

## अमेरिका-ईरान के बीच आज स्विट्जरलैंड में अहम बैठक, 23 जून को इजरायल-लेबनान की अमेरिका में बातचीत

वाशिंगटन/तेहरान(आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता ने फिर गति पकड़ ली है। दोनों देशों के प्रतिनिधि आज स्विट्जरलैंड में बैठक करने जा रहे हैं। इसके लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड रवाना हो गए हैं। इस बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुर्रहमान अल थानी भी स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के भी जल्द पहुंचने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के उप विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका को यह साबित करना होगा कि वह शांति समझौते के तहत किए गए सभी वादों को पूरा कर सकता है। बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को अंतिम रूप देने के लिए 60 दिनों की बातचीत शुरू हो चुकी है। दोनों देशों के बीच अब संभावित परमाणु समझौते पर बातचीत का पहला दौर आयोजित होने की उम्मीद है।

सूत्रों ने एक विश्वसनीय सूत्र के हवाले से बताया है कि ईरान इस बात पर जोर दे रहा है कि स्विट्जरलैंड प्रतिनिधिमंडल भेजने से पहले युद्धविराम को जमीनी स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारी अगले दौर की वार्ता शुरू करने से पहले युद्धविराम को व्यवहार में प्रभावी होते देखना चाहते हैं। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने कई समकक्षों से कहा कि लेबनान में युद्धविराम अमेरिका-ईरान वार्ता के लिए निर्णायक स्थिति है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि 23 और 25 जून को वाशिंगटन में इजरायल और लेबनान के बीच वार्चा होगी। इसका मकसद स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ना है। विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्पति जोसेफ आउन से कहा कि इजरायल के साथ लेबनान की द्विपक्षीय बातचीत ही पुनर्निर्माण, आर्थिक सुधार और हिंसा के बार-बार होने वाले दौर को खत्म करने का एकमात्र व्यावहारिक रास्ता है।

# खामेनेई पर डोनाल्ड ट्रंप भड़के, कहा- ईरान को अब फूटी कौड़ी भी नहीं मिलेगी

वॉशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच दो दिन पहले ही 14 सूत्रीय समझौते हुए हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर ईरान पर भड़के हैं. ट्रंप इतना ज्यादा गुस्सा हो गए कि उन्होंने कहा कि वे ईरान को फूटी कौड़ी नहीं देंगे.

ट्रंप ने गुस्सा होते कहा कि दोनों देशों के बीच हुए युद्ध के बाद ईरान की सैन्य क्षमताएं बेहद कमजोर हो गई हैं. इस दौरान ट्रंप ने साफ कर दिया है कि अमेरिका ईरान को आर्थिक मदद नहीं देगा. उसे फूटी कौड़ी भी नहीं मिलेगी. राष्ट्रपति ट्रंप के मुताबिक अब ईरान के पास ना वायुसेना बची है और ना ही उसके पास एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम है. उन्होंने कहा कि ईरान बेहद कमजोर हो चुका है.

अमेरिकी राष्ट्रपति ने डेमोक्रेटिस पार्टी पर भी तीखे हमले किए. उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना का सीधा जवाब देते हुए कहा कि जिसके सदस्यों ने दावा किया कि ईरान आज चार महीने पहले की तुलना में ज़्यादा मज़बूत स्थिति में है. वे सरासर गलत हैं. ट्रंप ने इन दावों को खारिज करते हुए विपक्ष के नजरिए को बिना जानकारी वाला बताया. युद्ध ने ईरान को



कमजोर कर दिया है! अब उसके पास एयर फोर्स, नेवी, एंटी-एयरक्राफ्ट इक्विपमेंट, रडार, या असल में कुछ भी नहीं है, और फिर भी डेमोक्रेटिक पार्टी के लोग कहते हैं कि ईरान अब चार महीने पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में है. क्या आप सोच सकते हैं कि इससे बच निकला जाए?? कुछ लोग कितने बेवकूफ हो सकते हैं?

अपने ट्रुथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने कहा कि शांति समझौता अमेरिका की कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि ईरान की जरूरत की वजह से हुआ है, क्योंकि उन्होंने आर्थिक राहत पर अपना कड़ा रुख बनाए रखा है. उन्होंने लिखा कि हम हताशा में नहीं मिले, ईरान मिला. वे खत्म हो गए हैं! हम 60 दिन खेलेंगे. उन्हें कोई पैसा नहीं मिलेगा. उनकी यह बात स्विस विदेश मंत्रालय द्वारा गुरुवार (लोकल टाइम) को कन्फर्म किए जाने के बाद आई है कि अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली बातचीत टाल दी गई है.स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत को आसान बनाने के लिए तैयार है. उसने कहा कि यूएम, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच तय बातचीत टाल दी गई है. स्विट्जरलैंड इन बातचीत को आसान बनाने के लिए तैयार है. बर्गेनस्टॉक में जरूरी तैयारी का काम जारी है. अभी और कोई जानकारी नहीं दी जा सकती. इससे पहले, व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने गुरुवार (लोकल टाइम) को कहा कि अमेरिकी वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस आगे की बातचीत के लिए स्विट्जरलैंड नहीं जाएंगे, क्योंकि बातचीत का प्लान अभी फाइनल नहीं हुआ है.

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले दुनिया भर में भारतीय मिशनों ने योग सत्र किए आयोजित

कुवैत सिटी (ए.)। दुनिया भर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए दुनिया के अलग-अलग कोने में योग संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कई भारतीय डिप्लोमैटिक मिशन ने शनिवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में पूरे स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और आंतरिक तालमेल की अहमियत पर जोर दिया गया।इस साल का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इसकी थीम "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" है, जो पीढ़ियों तक स्वास्थ्य, ज्यादा सक्रिय और खुशहाल जिंदगी में योग के योगदान पर केंद्रित है।इस मौके पर, कुवैत में भारतीय दूतावास ने शनिवार को बुलेवार्ड क्रिकेट स्टेडियम में एक योग सत्र का आयोजन किया। यह कुवैत में 19 जून से शुरू हुए 3-दिन के योग कार्यक्रम का हिस्सा है।भारतीय दूतावास के अनुसार, कुवैत भर से डिप्लोमैट्स, सरकारी अधिकारियों, कम्युनिटी लीडर्स, स्टूडेंट्स और योग के शौकीनों समेत 2200 से ज्यादा लोगों ने योग सत्र में हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में पद्मश्री और कुवैत योग कमेटी की अध्यक्ष शेखा शैखा अल सबाह और पद्म श्री और सऊदी अरब में अरब योग फाउंडेशन की फाउंडर और एशियन योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन की अध्यक्ष नौफ मारवाई शामिल हुए।12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले, फिनलैंड में भारतीय दूतावास और फिनिश-इंडियन सोसाइटी सुओमी-इंटिया सेउरा ने मिलकर आर्कटिक सर्कल पर फिनलैंड के रोवेनेमी शहर के औनास्वारा में मिडनाइट योग सत्र का आयोजन किया।

# घायलों को ले जाते समय हुआ दूसरा ब्लास्ट, पाकिस्तान के बन्नू में दो धमाकों से 7 लोगों की दर्दनाक मौत



बन्नू (ए.)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (KP) प्रांत का बन्नू जिला लगातार दो भीषण धमाकों से दहल उठा है। इन रोंगटे खड़े कर देने वाले धमाकों में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने इन रिमोट-कंट्रोल धमाकों को एक 'कायराना आतंकी हमला' करार दिया है। इस दोहरे ब्लास्ट के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और सुरक्षा बलों ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

### रिमोट-कंट्रोल से वाहनों को बनाया गया निशाना

यह दिल दहला देने वाली वारदात बन्नू के वजीर सब-डिवीजन के अंतर्गत आने वाले अर्ध-जनजातीय और पहाड़ी इलाके 'मरका बेरा' में हुई है। बन्नू के डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिसर (DPO) यासिर अफरीदी के मुताबिक, फांग मूसा खेल इलाके में रिमोट-कंट्रोल ब्लास्ट के जरिए दो वाहनों को टारगेट किया गया। एक डैटसन वाहन यात्रियों को लेकर डोमेल की तरफ जा रहा था, तभी एक जोरदार धमाका हुआ। इस खौफनाक विस्फोट में वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया और पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### रेस्क्यू के दौरान हुआ दूसरा जानलेवा धमाका

हमलावरों की साजिश यहीं खत्म नहीं हुई। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, जब पहले धमाके के घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी घटनास्थल से महज एक किलोमीटर की दूरी पर दूसरा बड़ा ब्लास्ट हो गया। इस धमाके में दूसरे वाहन के भी परखच्चे उड़ गए और दो अन्य बेगुनाह लोगों की जान चली गई। घटना के तुरंत बाद 'रेस्क्यू 1122' की टीमों ने मोर्चा संभाला और शवों व घायलों को डोमेल रूरल हेल्थ सेंटर व खलीफा गुल नवाज टीचिंग अस्पताल पहुंचाया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस आईईडी हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है।

### बन्नू में लगातार बढ़ रहा है आतंकियों का खौफ

दोहरे धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है और सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि इलाके में और भी विस्फोटक उपकरण (IED) छिपे हो सकते हैं, जिसके चलते चप्पे-चप्पे की बारीकी से जांच की जा रही है। यह ताजा हमला बन्नू के पहाड़ी इलाकों में लगातार बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का साफ उदाहरण है। हाल के महीनों में यहां आतंकी घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। पिछले महीने ही सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई एक भीषण मुठभेड़ में 25 आतंकी मारे गए थे, जबकि कुछ दिन पहले ही आतंकियों ने एक पुल को विस्फोटकों से उड़ाने की कोशिश की थी।

## फीचर

# जैकलीन फर्नांडीज अपनी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म में आएंगी नजर; इस महीने शुरू होगी शूटिंग




***फर्नांडीज जल्द ही अपनी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म के साथ इस शैली में कदम रखने जा रही हैं। अभिनेत्री काफी समय से इस जॉनर में एक मजबूत और अलग कहानी की तलाश में थीं और अब उन्हें ऐसा प्रोजेक्ट मिल गया है जिसने उन्हें बेहद उत्साहित कर दिया है।सूत्रों के अनुसार, यह फिल्म हॉरर, इमोशन और म्यूजिक का बेहतरीन मिश्रण होगी, जो दर्शकों को एक संपूर्ण सिनेमाई अनुभव देगी।***

*फिल्म में जैकलीन मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दो मेल एक्टर्स को पहले ही फाइनल किया जा चुका है। फिलहाल फिल्म का टाइटल, अन्य कलाकारों के नाम और निर्देशक की जानकारी गुप्त रखी गई है।इस फिल्म का निर्माण ख्याति मदान के बैनर नॉट आउट एंटरटेनमेंट के तहत बड़े स्तर पर किया जाएगा। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।सूत्रों का यह भी कहना है कि फिल्म का एक टीज़र और एक गाना पहले ही शूट किया जा चुका है, जबकि कलाकार इन दिनों वर्कशॉप्स में हिस्सा ले रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है।दिलचस्प बात यह है कि जैकलीन इससे पहले भूत पुलिस में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म थी। यह नई फिल्म उनके करियर की पहली पूरी तरह हॉरर फिल्म होगी।वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकलीन हाल ही में हाउसफुल 5 में नजर आई थीं और अब वह वेलकम टू द जंगल में दिखाई देंगी, जो 26 जून 2026 को रिलीज होने वाली है।फिल्म से जुड़ी और अपडेट्स के लिए बने रहिए।*

## अब होगा हिसाब की शूटिंग के दौरान घर जैसा महसूस हुआ, एक्ट्रेस निमरत कौर ने बताया अनुभव



अभिनेत्री निमरत कौर अहलूवालिया इन दिनों अपनी आने वाली सीरीज अब होगा हिसाब को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वहपंजाब की लड़की का किरदार निभा रही है। इस सीरीज की शूटिंग के दौरान उन्हें कैसा महसूस हुआ, इस पर उन्होंने खुलकर बात की। निमरत कौर अहलूवालिया ने कहा, इस सीरीज में मैं पंजाब की लड़की का किरदार निभा रही हूं। चूंकि मैं खुद भी पंजाबी हूं, इसलिए शूटिंग के दौरान मुझे हर चीज काफी जानी-पहचानी लगी। पंजाब की भाषा, वहां के लोग और वहां की संस्कृति मेरे लिए कुछ भी नई नहीं थी। यही वजह रही कि किरदार निभाते समय मुझे किसी तरह का दबाव महसूस नहीं हुआ और मेरा प्रदर्शन स्वाभाविक रूप से सामने आया। अभिनेत्री ने कहा, शूटिंग के पहले दिन से ही मुझे ऐसा महसूस हो रहा था, जैसे मैं किसी सेट पर नहीं बल्कि अपने घर में हूं।

# क्या दूध का अधिक सेवन बन सकता है ऑस्टियोपोरोसिस का कारण? जानिए सच्चाई



दूध को पोषक तत्वों का भंडार माना जाता है। इसका सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। हालांकि, कुछ लोग मानते हैं कि दूध का अधिक सेवन ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकता है। इस धारणा के पीछे कुछ वैज्ञानिक तथ्यों और व्यक्तिगत अनुभवों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। आइए जानते हैं कि क्या वाकई दूध का अधिक सेवन ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकता है या यह सिर्फ एक भ्रम है।

### ऑस्टियोपोरोसिस क्या है?

ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें हड्डियां कमजोर और नाजुक हो जाती हैं। इससे हड्डियों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या में हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और वे तेजी से टूटने लगती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने के लिए संतुलित डाइट, नियमित एक्सरसाइज और जीवनशैली में बदलाव जरूरी हैं। इसके अलावा डॉक्टर की सलाह पर कैल्शियम और विटामिन-डी सप्लीमेंट भी लेने चाहिए। इस स्थिति का सही समय पर इलाज करना बहुत जरूरी है।

### दूध और कैल्शियम का महत्व

दूध में कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है, जो हड्डियों के विकास और मजबूती के लिए जरूरी है। कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाता है और उन्हें टूटने से बचाता है। इसके अलावा दूध में विटामिन-डी भी होता है, जो कैल्शियम के अवशोषण में मदद करता है। इस प्रकार दूध का सेवन ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में सहायक हो सकता है, लेकिन इसका अधिक सेवन नुकसानदायक हो सकता है।

### क्या दूध का अधिक सेवन ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनता है?

इस सवाल का कोई ठोस जवाब नहीं है, क्योंकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला है कि दूध का अधिक सेवन ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकता है। हालांकि, कुछ अध्ययनों में यह पाया गया है कि अत्यधिक मात्रा में दूध पीने से शरीर में एसिडिक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे हड्डियों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसलिए, संतुलित मात्रा में ही दूध का सेवन करना चाहिए।

### संतुलित डाइट का महत्व

संतुलित डाइट में न केवल दूध, बल्कि अन्य पोषक तत्वों का भी ध्यान रखना जरूरी है, जैसे हरी सब्जियां, फल, अनाज और प्रोटीन स्रोत। इन सभी खाद्य पदार्थों से शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जो हड्डियों को मजबूती देने में मदद करते हैं। केवल दूध पर निर्भर रहना सही नहीं होता। इसलिए, हर प्रकार के पोषक तत्वों का संतुलित मिश्रण होना चाहिए, ताकि शरीर को सभी जरूरी तत्व मिल सकें।

### निष्कर्ष

दूध का सेवन ऑस्टियोपोरोसिस रोकने में मददगार हो सकता है, लेकिन इसका अधिक सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। संतुलित डाइट और जीवनशैली में बदलाव करके ही इस स्थिति से बचाव संभव है। इसलिए, किसी भी खाद्य पदार्थ या पेय को अधिक मात्रा में नहीं लेना चाहिए।

सही जानकारी और सावधानी बरतकर ही स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव करना संभव हो सकता है। आप अपने डॉक्टर से भी इस विषय में सलाह लेकर सही निर्णय ले सकते हैं।

# घर पर बनाई जा सकती हैं ये 5 बॉडी पॉलिश, शरीर की सफाई में आएंगी काम

बॉडी पॉलिश का इस्तेमाल त्वचा को साफ और मुलायम बनाने के लिए किया जाता है। यह त्वचा की गहराई तक सफाई करने के साथ ही मृत त्वचा को हटाने में मदद करती है। हालांकि, बाजार से बॉडी पॉलिश खरीदना महंगा पड़ सकता है। ऐसे में आप घर पर ही कुछ मिनटों में बॉडी पॉलिश बना सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 तरह की बॉडी पॉलिश बनाने का आसान तरीका बताते हैं।

### चायपत्ती और जैतून के तेल की बॉडी पॉलिश

सामग्री: काली चायपत्ती (एक बड़ा चम्मच), जैतून का तेल (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और नींबू के तेल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में चायपत्ती को जैतून के तेल के साथ मिलाएं। फिर इसमें शहद और नींबू के तेल की बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### चायपत्ती और चीनी की बॉडी पॉलिश

सामग्री: काली चायपत्ती (एक बड़ा चम्मच), चीनी (एक बड़ा चम्मच), जैतून का तेल (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में चायपत्ती और चीनी को मिलाएं। फिर इसमें जैतून का तेल, शहद और गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस



मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### बादाम और नारियल के तेल की बॉडी पॉलिश

सामग्री: बादाम का पाउडर (2 बड़े चम्मच), नारियल का तेल (2 बड़े चम्मच), नींबू के तेल की कुछ बूंदें और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीका: सबसे पहले बादाम के पाउडर और नारियल के तेल को एकसाथ मिलाएं, फिर इसमें नींबू के तेल की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### कॉफी और नारियल के तेल की बॉडी पॉलिश

सामग्री: कॉफी पाउडर (2 बड़े चम्मच), नारियल का तेल (2 बड़े चम्मच), भूरी चीनी (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीका: सबसे पहले कॉफी पाउडर, ब्राउन शुगर और नारियल का तेल एकसाथ मिलाएं, फिर इसमें शहद और गुलाब जल की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### ओट्स और दूध की बॉडी पॉलिश

सामग्री: ओट्स का पाउडर (2 बड़े चम्मच), दूध (2 बड़े चम्मच), जैतून का तेल (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीका: सबसे पहले ओट्स के पाउडर को दूध के साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें, फिर इसमें जैतून का तेल और शहद डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल में सीबीएसई के दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न

## दोनों दिन के प्रशिक्षण में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की





नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा आयोजित आकलन एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने जैसे विषय पर आधारित दो दिवसीय 12 घंटे प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन 19 एवं 20 जून को स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को मूल्यांकन एवं आकलन की नवीन पद्धतियों, प्रभावी शिक्षण रणनीतियों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विभिन्न आयामों से परिचित कराना थाए जिससे वे विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं सीखने के परिणामों को और अधिक प्रभावी बना सकें। प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती जिया मंगलानी ;प्राचार्य भोपाल गर्ल्स स्कूल एवं श्रीमती बीना प्रकाश पीजीटी गणित कैंपियन स्कूल अरेरा कॉलोनी भोपाल ने अपनी विशेषज्ञता एवं अनुभव साझा किए। उन्होंने समग्र एवं दक्ष मूल्यांकन प्रणाली, गतिविधि आधारित शिक्षण, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धियों को बेहतर बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।दोनों दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, विचार-विमर्श, अभ्यास सत्रों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल का विस्तार किया। सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं व्यवहारिक बताते हुए इसे अपने शिक्षण कार्य में प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं विद्यालय की जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी के सहयोग एवं प्रोत्साहन से कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं सफल रहा।समापन सत्र में सुश्री रचना तिवारी ने सभी अतिथियों, रिसोर्स पर्सन्स एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रभावशाली धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन्स को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उत्साह, सहभागिता एवं सीखने की सकारात्मक भावना के साथ संपन्न इस प्रशिक्षण ने शिक्षकों को नई ऊर्जा एवं नवीन दृष्टिकोण प्रदान किया, जो भविष्य में विद्यार्थियों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं मूल्यांकन को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

### कलेक्टर ने की 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेवासियों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील



नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ, अनुशासित और संतुलित जीवन का आधार है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि कार्यक्षमता बढ़ाने, तनाव कम करने तथा निर्णय क्षमता को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति जागरूक होने का अवसर प्रदान करता है। योग को अपनाकर हम अधिक उत्पादक, सकारात्मक एवं ऊर्जावान कार्य संस्कृति विकसित कर सकते हैं। योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का प्रभावी माध्यम है तथा जीवन में संतुलन और आत्मविश्वास का संचार करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिये योग (Yoga for Healthy Ageing) है, जो प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों के लिए योग के महत्व को रेखांकित करती है। योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्राप्त किया जा सकता है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे 21 जून 2026 को आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए योग को अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर हम स्वयं को स्वस्थ, सशक्त और सकारात्मक बना सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे परिवार, मित्रों एवं सहकर्मियों के साथ योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल होकर योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## समान नागरिक संहिता पर नागरिकों से सुझाव आमंत्रित

नर्मदापुरम (निप्र) । राज्य शासन द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में नीति निर्माण हेतु जनसामान्य से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में नागरिक 22 जून 2026 तक अपने सुझाव ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। शासन का उद्देश्य व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए सभी वर्गों के विचारों और सुझावों के आधार पर प्रभावी एवं समावेशी नीति तैयार करना है।समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने के लिए नागरिक संहिता की वेबसाइट ucc.mp.gov.in उपलब्धकराई गई है।

# ज्यादा समय से डटे हुए अधिकारियों के कम ही हुए तबादले

### बड़ी मुश्किल से गया आबकारी अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग में वर्षो से प्रोफेसरों को भी बदलने की हो रही मांग

नर्मदापुरम (निप्र)। इस बार अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले कम ही हुए हैं। मुख्यालय पर चर्चाओं का दौर जारी है कि कम ही कर्मचारियों के तबादले हुए हैं। भाजपा के कुछ जागरूक सदस्यों के द्वारा भी यही बात कही जा रही है। जिसमें यह बात सामने आई कि जो अधिकारी यहां पर ज्यादा समय से डटे हुए हैं उनका तबादला अब तो हो ही जाना चाहिए। अनेक भ्रष्टाचारी कब तक मुख्यालय पर मूंग दलेंगे। खासकर बाबुओं के भी तबादले होने चाहिए। जो वर्षो से जमे हुए हैं। खासकर जो शासकीय कार्य करने की बजाए दायें-बाएं की तरफ ज्यादा देखते हैं काम करने में बहाने बाजी करते हैं। रिश्वत लेने में विश्वास ज्यादा रहता है। काम करने में अडंगेबाजी करते है। इस संबंध में जिला पंचायत में यह चर्चा हो रही थी कि जिन कर्मचारियों को तीन वर्ष पूरे हो गए। उनकी रवानगी होनी ही चाहिए। इसी प्रकार अन्य विभागों में पूर्व में तीन से अधिक वर्ष हो गए ऐसे कर्मचारी चाहे वह अधिकारी कहलाता हो उसे यहां से हटा दिया जाना चाहिए। कॉलेजों में भी यह चर्चा हो रही थी कि कुछ प्रोफेसरों के तबादले होना जरूरी है खासकर जो पढ़ाने में रूचि कम लेते हैं। जिनकी रूचि अन्य गतिविधियों में ज्यादा है, मोटी तनखा खाने के बाद भी उनके विचार यूजीसी और शासन ने आने वाले मद पर ज्यादा रहती है ऐसे प्रोफेसरों की रवानगी होना ही चाहिए। सरकार उनसे डरती क्यों है। उनको मोटा वेतन दिया जाता है। उन्हें तो झाबुआ जैसे जिने में भेज देना चाहिए। जो प्रोफेसर पढ़ाई नहीं करते हैं ऐसे का सर्वे करते करके उन्हें यहां से कहीं और भेजने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा कुछ ज्यादा मेहनत करनी चाहिए। आबकारी अधिकारी बड़ी मुश्किल से रवाना हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि पांच वर्ष से अधिक का समय होने के बाद भी उसका तो मन ही नहीं था। जिला अस्पताल में भी छटनी की चर्चा जोरों पर है। क्योंकि जिला अस्साल में जिस प्रकार की राजनीति हो रही है। उससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान कम हो रहा है। विवाद के मामले ज्यादा हो रहे हैं। स्वास्थ्य जैसे विभाग में कामचोरी करने वलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इनमें कुछ डाक्टर भी शामिल हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी डाक्टर हैं जिनको कई वर्ष हो गए उसके बाद भी ईमानदारी से कार्य करते हैं। जैसे डाक्टर गंगराडे, डॉ पुरोहित, डॉ शिवेंद्र चंदेल, डॉ जैन, सहित और भी कुछ डाक्टर हैं जिन्हें यहीं रहना चाहिए। क्योंकि ऐसे ईमानदार डाक्टर कम ही हैं।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत की भव्य कार्यकारिणी का गठन

### रविन्द्र श्रीवास्तव बने पिपरिया अध्यक्ष

नर्मदापुरम। पिपरिया। समाज के उत्थान शिक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम पिपरिया नगर की बहु प्रतीक्षित भव्य कार्यकारिणी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव नीलू प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव प्रांतीय सचिव राजीव खरे की अनुमति उपरांत जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने नई कार्यकारिणी का गठन कर 20 जून को घोषित कर दी। जिसमें रविन्द्र श्रीवास्तव अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष विष्णुकांत कौशल महामंत्री नीरज कुमार श्रीवास्तव सचिव राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव महासचिव संतोष कुमार ब्यौहार कोषाध्यक्ष मनीष कुमार श्रीवास्तव सहसचिव अनुराग श्रीवास्तव सहसचिव विनोद कुमार श्रीवास्तव सहसचिव अजय श्रीवास्तव प्रचार मंत्री संतोष कुमार श्रीवास्तव सांस्कृतिक प्रभारी कार्तिक खरे मीडिया प्रभारी उमेश कुमार श्रीवास्तव संगठन मंत्री शशिकांत वर्मा संगठन मंत्री, आंचल खरे ओमप्रकाश खरे कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।

# जाते जाते सीएमओ कर्मचारियों को दे गई आर्थिक दंश-मजदूर संघ ने लगाया आरोप

### कर्मचारी विरोधी सीएमओ का स्वागत सम्मान कर विदाई देना समझ से परे : वर्मा

नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय मजदूर संघ से संबध्द नपा कर्मचारी मजदूर संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि अच्छे और बुरे कि पहचान व्यक्ति के चरित्र और कर्मो से आंकी जाती है नगरपालिका में पदस्थ सभी कर्मचारी भययुक्त वातावरण, तनावग्रस्त चेहरा, मानसिक संताप से प्रेरित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे थे। हेमेश्वरी पटले सीएमओ के स्थानांतरण के बाद से कर्मचारी अब राहत महसूस कर रहे हैं और उनके चेहरे कि चमक भी वापस आ गई है। सीएमओ जाते जाते भी सभी कर्मचारियों को उनके मासिक वेतनों का भुगतान न करते हुए आर्थिक शोषण का दंश देकर गई है।

जिससे उनकी कर्मचारी विरोधी मानसिकता और सोच कर्मचारियों के प्रति दूषित थी यह परिचय उनके द्वारा दिया गया है। इनके द्वारा सुंदर काण्ड हनुमान चालीसा के पाठ पारण पर नगरपालिका कि छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए मजदूर संघ को पत्र जारी किया था। सत्य सनातन हिंदू धर्म विरोधी और कर्मचारी विरोधी सीएमओ का कुछ चापलूस कर्मचारियों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया यह समझ से परे है। नपा कार्यालय के सामने स्थित हनुमान मंदिर में मजदूर संघ ने सुंदर काण्ड हनुमान चालीसा के पाठ का पारण करवाया था और तभी प्रण लिया था कि जब यह सीएमओ का स्थानांतरण हो जायेगा तो पुनः सुंदर काण्ड हनुमान चालीसा के पाठ का पारण मजदूर संघ के द्वारा करवाया जावेगा जिसकी प्रक्रिया चलायमान है। वर्मा ने कहा कि तबादले के बाद सीएमओ के द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया उसमें ऐसे जन प्रतिनिधियों ने भी उनकी तारीफों के पुल बांधे जिनको कमीशन के रूप में अच्छी कालेधन कि कमाई हुई है। सुनने में आया है उक्त सीएमओ ने अपने उदबोधन में यह कहा है कि इस नगरपालिका में कर्मचारियों में एकता का अभाव है अवसर देखकर सब एक.दूसरे कि चुगली करते थे इनकी आपसी फूट का अपने कार्यकाल में भरपूर लाभ उठाया है। वर्मा ने कहा कि मजदूर संघ में मुझे 41 वर्षों का समय कर्मचारियों की राजनीति से जुड़े हुए हो गया है मैंने अपने जीवन काल में ऐसी पहली सीएमओ देखी जिसने कर्मचारियों के मुंह पर सत्य का तमाचा मारकर उनको उनकी औकात बताई है इस सच्चाई के बाद कर्मचारियों को अपने व्यवहार में सुधार लाना चाहिए बटोगे तो कटोगे एक रहोगे तो सेफ रहोगे का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूर संघ का प्रतिनिधि मंडल नवागत सीएमओ वैभव देशमुख से कर्मचारियों के हित संरक्षण की मांगों को लेकर जल्द मुलाकात करेगा और उनसे अपेक्षा करेंगे कि मध्यप्रदेश शासन के आदेशों का प्राथमिकता के साथ पालन करे व मजदूर संघ से किये गये समझौते के अनुसार प्रतिमाह दस तारीख की समयावधि में सभी कर्मचारियों को मासिक वेतनों का भुगतान करते हुए उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी करें।


# प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन बनाने का आह्वान, पवारखेड़ा में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला संपन्न


### जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित



नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य संचालित कृषि आधारित विशेष अभियान के अंतर्गत कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र, पवारखेड़ा में जिला स्तरीय द्वितीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें नर्मदापुरम, माखननगर, सिवनीमालवा एवं केसला विकासखंड के 300 से अधिक किसान भाई-बहनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विधायक नर्मदापुरम एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया तथा विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपने उद्बोधन में प्राकृतिक खेती की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संरक्षण के लिए इसे अपनाने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया ने किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होने की सलाह देते हुए कहा कि यह खेती भविष्य की आवश्यकता है। विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह ने रासायनिक खेती के दुष्परिणामों एवं इससे बढ़ रही गंभीर बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा किए तथा किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।उपसंचालक कृषि डॉ. रविकांत सिंह ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण तथा गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए प्राकृतिक खेती एक प्रभावी विकल्प है। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. मिश्रा ने जैविक एवं प्राकृतिक पौध संरक्षण की तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. विनोद कुमार ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. राजेंद्र पटेल ने बायो रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल की जानकारी देते हुए बताया कि जैव उत्पाद केंद्रों के माध्यम से किसानों को जैविक आदानों की उपलब्धता, प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# श्रीमती सोना मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में







नर्मदापुरम (निप्र)। श्रीमती सोना मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल ने विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम देते हुए नर्मदापुरम व विशेषकर रसूलिया क्षैत्र का गौरव बढ़ाया है। संस्था के प्राचार्य एमएम गौर ने चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष भी चारों संकायों में परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कक्षा 12 वीं मेंनिशा लौवंशी ने 80 प्रतिशत, अभिनव चौहान ने 75 प्रतिशत, महेश्वरी आठिया ने 73 प्रतिशत और कक्षा 10 वीं में आदेश गौरेले ने 80 प्रतिशत, वंदना बानिया ने 76 प्रतिशत, नैतिक मीना ने 74 प्रतिशत, इसी प्रकार कक्षा 8 वीं एवं 5 वीं का परीक्षा परिणाम भी सर्वोत्तम रहा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य एमएम गौर एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से हुई अभिलाषा के गृहस्थ जीवन की शुरुआत



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी और अनूठी योजनाओं में से एक है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक और धूमधाम से कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जहां एक ओर सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से बेटियों का नया जीवन शुरू होता है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिल रही है और माता-पिता बेटी के विवाह की चिंता से मुक्त हो रहे हैं। सीहोर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के सामूहिक विवाह सम्मेलन में सीहोर जिले के ग्राम रातिखेड़ा की बेटी अभिलाषा भी परिणय सूत्र में बंधीं। अभिलाषा बताती हैं कि यह योजना उनके जैसी कई बेटियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस योजना के कारण उनका विवाह सम्मानपूर्वक और खुशियों के माहौल में सम्पन्न हुआ। सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता से उन्हें अपने नए गृहस्थ जीवन की शुरुआत करने में भी मदद मिलेगी। बेटी अभिलाषा ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना ने गरीब परिवारों की बेटियों को सम्मान के साथ नया जीवन शुरू करने का अवसर दिया है। यह योजना न केवल बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बना रही है बल्कि समाज में उनके सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# विभागीय भविष्य निधि प्रकरणों के निराकरण में आएगी तेजी, अब ई-डीपीएफ प्रणाली से होगी ऑनलाइन प्रक्रिया

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों के विभागीय भविष्य निधि (DPF) प्रकरणों के निराकरण को अधिक सरल, पारदर्शी और समय-सीमा में पूरा करने के उद्देश्य से ई-डीपीएफ (e-DPF) प्रणाली लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। नई व्यवस्था के तहत भविष्य निधि से संबंधित सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से संपादित की जाएंगी, जिससे कर्मचारियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। ई-डीपीएफ प्रणाली के माध्यम से विभागीय भविष्य निधि अभिदाता अपने भविष्य निधि खाते की जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। कर्मचारी IFMIS (Integrated Financial Management Information System) के ESS मॉड्यूल में लॉगिन कर वेतन से की गई कटौतियों, शासन द्वारा देय ब्याज तथा भविष्य निधि खाते से संबंधित अन्य विवरणों की जांच कर सकेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति सामने आती है तो कर्मचारी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी (DDO) को इसकी जानकारी देकर सुधार करा सकेंगे।वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार सेवानिवृत्ति के पूर्व भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की प्रक्रिया भी अब ऑनलाइन होगी। सेवानिवृत्ति से लगभग चार माह पहले कर्मचारी को IFMIS के ESS मॉड्यूल के माध्यम से अंतिम भुगतान हेतु आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित DDO द्वारा कर्मचारी की सेवा पुस्तिका, भविष्य निधि अभिलेख और ऑनलाइन उपलब्ध जानकारी का परीक्षण कर प्रकरण को आगे की कार्यवाही के लिए ऑनलाइन नई व्यवस्था में आवेदन प्रक्रिया के दौरान कर्मचारी द्वारा दी गई जानकारी की शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक सबमिट होने के बाद भुगतान प्रक्रिया पूरी होने तक संबंधित बैंक खाते में परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। साथ ही आवेदन के समय प्राप्त OTP एवं सिस्टम द्वारा जनरेट की गई आईडी को सुरक्षित रखना कर्मचारी की जिम्मेदारी होगी। ई-डीपीएफ प्रणाली लागू होने से भविष्य निधि प्रकरणों की निगरानी भी आसान होगी। विभागीय अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से प्रकरणों की स्थिति देख सकेंगे, जिससे लंबित मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और कर्मचारियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। वित्त विभाग ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नई ऑनलाइन व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भविष्य निधि की राशि का भुगतान बिना विलंब के प्राप्त हो सके।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com